
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट करते हुए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 299 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# पीएम मोदी ने गुजरात को दी करोड़ों की सौगात

## वडोदरा में भारत-स्पेन के पीएमः रोड शो, एयरबस असेंबली का उद्घाटन किया

**असेंबली यूनिट**

**सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरबस की असेंबली यूनिट का उद्घाटन किय**



**टीम एक्शन इंडिया**

**वडोदराः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने यहां सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरबस की असेंबली यूनिट का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स में प्रदर्शनी को भी देखा। इससे पूर्व दोनों ने वडोदरा एयरपोर्ट से टाटा के प्लांट तक करीब पौने तीन किलोमीटर का रोड शो किया। अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वडोदरा में फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) का शिलान्यास किया था। अब यहां सैन्य परिवहन विमान बनाए जाएंगे। सी-295 प्रोग्राम के तहत कुल 56 विमान हैं। इनमें से 16 विमानों की आपूर्ति स्पेन से सीधे एयरबस के जरिये की जा रही है और शेष 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जाना है। भारत में इन 40 विमानों के निर्माण की जिम्मेदारी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की है। यह केन्द्र भारत में सैन्य विमानों से संबंधित निजी क्षेत्र की पहली फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) होगी। इसमें विमान के निर्माण से लेकर संयोजन, परीक्षण एवं योग्यता, वितरण और विमान के संपूर्ण जीवनचक्र के रखरखाव तक से संबंधित एक संपूर्ण इकोसिस्टम का पूर्ण विकास शामिल होगा। रक्षा से संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख इकाइयों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भी योगदान देंगे।

### पीएम ने दुधाला में भारत माता सरोवर का उद्घाटन किया

पीएम ने गुजरात को दी 4800 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात

टीम एक्शन इंडिया

अमरेली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के अमरेली और सौराष्ट्र के लिए करीब 4800 करोड़ रुपये के विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मोदी ने अमरेली के दुधाला में भारत माता सरोवर का उद्घाटन किया। यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत गुजरात सरकार और ढोलकिया फाउंडेशन के सहयोग से विकसित की गई है। इन परियोजनाओं से राज्य के अमरेली, जामनगर, मोरबी, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़, पोरबंदर, कच्छ और बोटाद जिलों के नागरिकों को लाभ होगा।

### पीएम नने सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**सार्वजनिक** कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने सौराष्ट्र-अमरेली के लिए ये सौगात दी। प्रधानमंत्री 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया एनएच 151, एनएच 151ए एवं एनएच 51 और जूनागढ़ बाईपास के विभिन्न खंडों को चार लेन का बनाना शामिल है।

# ईडी ने पांच राज्यों में 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

## 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ मामला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में नागपुर स्थित व्यवसायी मनोज जायसवाल, उनकी बिजली कंपनी कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके अन्य प्रमोटरों की 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ये हाई-प्रोफाइल मामला 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ईडी की नागपुर इकाई ने मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटरों यानी निदेशकों मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई




करते हुए 503.16 करोड़ रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक बैंक धोखाधड़ी के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 24 अक्टूबर, 2024 को महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित इन संपत्तियों को जब्त किया गया है।

# एलएसी पर चीन ने पीछे खींचे अपने कदम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लद्दाखः** पूर्वी लद्दाख सेक्टर के देपसांग मैदानों और डेमचोक में भारतीय और चीनी सेना के बीच पीछे हटने का प्रोसेस अभी भी जारी है। उम्मीद है ये प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जाएगी। रक्षा सूत्र ने इसकी जानकारी दी है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को बेहतर बनाने के लिए भारत और चीन 29 अक्टूबर तक वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार सैन्य वापसी की प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।

**25 अक्टूबर से जारी है प्रोसेस**

पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर दोनों देशों की सेनाएं 25 अक्टूबर से पीछे हट रही हैं। रक्षा सूत्रों की मानें तो डेमचोक और देपसांग में ये डिसइंगेजमेंट अब अपने लास्ट फेज में है। दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए हैं। साथ ही गाड़ियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे हट चुके हैं।




**वापसी प्रक्रिया**

**पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर दोनों देशों की सेनाएं 25 अक्टूबर से पीछे हट रही हैं**

**भारत 2020 की स्थिति में आएगा वापस-जयशंकर**

वहीं इसको लेकर विदेश मंत्री जयशंकर का भी बयान सामने आया था।

जयशंकर ने रविवार को कहा था कि लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में सैनिकों का पीछे हटना पहला कदम है और उम्मीद है कि भारत 2020 की गश्त की स्थिति में वापस आ जाएगा। विदेश मंत्री ने स्पष्ट रूप से चीन की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगला कदम तनाव कम करना है।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अवैध भुगतान गेटवे के खिलाफ अलर्ट जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः केंद्रीय गृह** मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अंतरराष्ट्रीय संगठित साइबर अपराधियों द्वारा म्यूल बैंक खातों का इस्तेमाल करके बनाए गए अवैध भुगतान गेटवे के खिलाफ एक नोटिस जारी किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में एमएचए सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलडब्ल्यूए) के सहयोग से साइबर सुरक्षित भारत बनाने के लिए सभी कदम उठा




रहा है। गुजरात पुलिस (एफआईआर 0113/2024) और आंध्र प्रदेश पुलिस (एफआईआर 310/2024) द्वारा हाल ही में किए गए राष्ट्रव्यापी छापों से पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय अपराधियों ने म्यूल व किराए के खातों का इस्तेमाल करके अवैध डिजिटल भुगतान गेटवे बनाए हैं। मनी लॉन्ड्रिंग को एक सेवा के रूप में सुविधाजनक बनाने वाले इन अवैध बुनियादी ढांचों का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की आय को लूटने के लिए किया जाता है। एमएचए के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान पहचाने गए कुछ भुगतान गेटवे में पीसपे, आरटीएक्स पे, पोकोपे, आरपीपे आदि शामिल हैं। पता चला है कि ये गेटवे मनी लॉन्ड्रिंग को

**नोटिस जारी**

**एलडब्ल्यूए के सहयोग से साइबर सुरक्षित भारत बनाने के लिए सभी कदम उठा रहा है**

एक सेवा के रूप में उपलब्ध कराते हैं और विदेशी नागरिकों द्वारा संचालित होते हैं। आई4सी ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे अपने बैंक खाते, कंपनी पंजीकरण प्रमाणपत्र, उद्यम आधार पंजीकरण प्रमाणपत्र किसी को न बेचें और किराए पर न दें। ऐसे बैंक खातों में जमा अवैध धनराशि के लिए गिरफ़्तारी सहित कानूनी परिणाम हो सकते हैं। बैंक उन बैंक खातों के दुरुपयोग की पहचान करने के लिए जांच कर सकते हैं जिनका उपयोग अवैध भुगतान गेटवे स्थापित करने के लिए किया जाता है।




# महिलाओं का बनाया जाए सहकारिता समूह, ताकि वर्षभर मिले रोजगार: राजेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेवा भारती संस्था** द्वारा पिछड़ी बस्ती की महिलाओं और बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वदेशी बिजनेस मॉड्यूल पर आधारित अनेक आयाम चलाए जा रहे हैं। इन आयामों में स्वदेशी लडियां बनाने का कार्य भी शामिल है। दिवाली को लेकर जिन महिलाओं द्वारा लडियां बनाने का कार्य किया गया, उन्हें आज अर्जुन गेट स्थित सेवा भारती के प्रांतीय कार्यालय में एक समारोह के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु नानक हॉस्पिटल की डॉ. प्रभजोत कौर और भाजपा जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदू जागरण मंच की प्रांत सह संयोजिका प्रीति सिंह शामिल हुईं। कार्यक्रम में हरियाणा प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम में लडियां बनाने वाली महिलाओं ने मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और बताया कि पहले वह घर पर खाली रहती थी। अब लडियां बनाने का काम करके वे आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार ने कहा कि सेवा भारती का उद्देश्य पिछड़ी बस्ती की महिलाओं को किसी न किसी आयाम से जोडकर उन्हें स्वावलंबी बनाना है और पिछले कई सालों से यह कार्य सफलतापूर्वक चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं ने अपनी इच्छा शक्ति और कड़ी मेहनत के बल पर एक ऐसे बीड़े को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है, जिसे कई लोग केवल सोचते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम भाग्यवान है कि जिस धरती पर हम पैदा हुए हैं उस धरा पर पैदा होने के लिए देवता भी ललचाते हैं। यह देवताओं की धरती है।



# पराली प्रबंधन में इंद्री खंड के किसानों का मिल रहा है पूरा सहयोग: डॉ. कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा कृषि** विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, उचानी के वैज्ञानिक डॉ. विजय कौशिक ने इंद्री के खंड कृषि अधिकारी डॉ.अश्वनी कंबोज के साथ मिल कर पराली प्रबंधन अभियान के तहत केद्दराबाद, बुडपुर बाँगर, पंजोखरा, गढ़ी जाटान, अन्धगढ़, केहरबा, जैनपुर साधान, तपरियों, छपरियों, खानपुर तथा सान्तड़ी गावों का दौरा किया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फरदीन पुत्र फिरोज़ खान निवासी म. नं. 2815/2, गली नं. 12, कैलाश नगर, गाँधी नगर, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **353/2024, अन्तर्गत धारा 309(4)/3(5) बीएनएस, थाना शास्त्री पार्क, उत्तर-पूर्व ज़िला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फरदीन** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फरदीन** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **353/2024, अन्तर्गत धारा 309(4)/3(5) बीएनएस, थाना शास्त्री पार्क, उत्तर-पूर्व ज़िला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फरदीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री सुखजीत सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
कमरा संख्या 22, प्रथम तल, उत्तर-पूर्व
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/13964/NE/2024**
**(Court Matter)**

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं0:** 10820242025 — **दिनांक:** 25.10.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/प्रयागराज निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डेरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्र.सं.: 1** | **ई-निविदा सूचना सं.:** 10820242025-231 | **अनुमानित लागत (रू. में):** ₹ 1,42,61,775.20

**कार्य का नामः** SFG में 02 नंबर 50 KLD STP का संचालन और रखरखाव, 1 नंबर मालगोदाम में क्रू रनिंग रूम में 70 KLD STP, 01 नंबर 80 KLD STP एवं 01 नंबर केंद्रीय अस्पताल में 05 वर्षों के लिए 20KLD ETP एवं 02 नंबर 50 KLD STP के संबंध में अन्य संबंधित कार्य सूबेदारगंज में।

**अमानत राशि (रू में) :** ₹ 2,21,300.00, **निविदा बंद होने की तिथि : 18.11.2024 को 12.00 बजे, कार्य समापन की अवधि :** 60 माह, **कार्य की प्रकृति :** सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट / एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट / वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग / संचालन और रखरखाव।

**क्र.सं.: 2** | **ई-निविदा सूचना सं.:** 10820242025-232 | **अनुमानित लागत (रू. में):** ₹ 1,63,30,552.00

**कार्य का नामः** दो साल की अवधि के लिए ADEN/मुख्यालय/I और ADEN /मुख्यालय/II PRYJ के अनुभाग में आरसीसी ओवर हेड जल भंडारण टैंकों की आवधिक सफाई और कीटाणुशोधन।

**अमानत राशि (रू में) :** ₹ 2,31,700.00, **निविदा बंद होने की तिथि : 18.11.2024 को 12.00 बजे, कार्य समापन की अवधि :** 24 माह, **कार्य की प्रकृति :** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य।

**क्र.सं.: 3** | **ई-निविदा सूचना सं.:** 10820242025-233 | **अनुमानित लागत (रू. में):** ₹ 67,34,925.34

**कार्य का नामः** जीएम कार्यालय परिसर में डी-ब्लॉक में अरावली कॉन्फ्रेंस हॉल, जीएम चैंबर आदि का नवीनीकरण।

**अमानत राशि (रू में) :** ₹ 1,34,700.00, **निविदा बंद होने की तिथि : 18.11.2024 को 12.00 बजे, कार्य समापन की अवधि :** 06 माह, **कार्य की प्रकृति :** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य।

**नोटः-** (1) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। **1876/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

**ई-निविदा सूचना सं.:-इलेक्ट-पीएस-20566-आरटी-2** — **दिनांक:- 26.10.2024**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली में सोहावल गेट पर 2x110 किलोवाट कंप्रेसर के प्रावधान के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, **कार्य स्थलः** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली, **अनुमानित लागतः** ₹ 13,20,590.11 (₹ तेरह लाख बीस हजार पांच सौ नब्बे रूपये और ग्यारह पैसे मात्र।), **अग्रिम राशिः** ₹ 26,400.00, (₹ छब्बीस हजार चार सौ मात्र।), **कार्य समाप्ति की अवधिः** 04 (चार माह), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 22.11.2024 at 15:00 बजे, **अन्य शर्तेः** अन्य विवरण एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई**

**ई-निविदा सूचना सं0:16/2024-25(खुली)/उमुइं।/एमसीएफ/आरबीएल**

उप मुख्य इंजीनियर-।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, कार्य का नाम :** 240 पुराने टाईप-III आवासों में अतिरिक्त शौचालय के निर्माण का कार्य।, **निविदा सं0**:16/2024-25-RT, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 3,71,55,817.49, **निविदा खुलने की तिथिः** 22.11.2024, **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह। • निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

**उप मुख्य इंजीनियर-I**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य परियोजना प्रबन्धक, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए (**ई-निविदा सं.- एमसीएफ-आरबीएल-एम-आर्गोमिक्स-शेलशॉप2-362-2024 दिनांकः- 28.10.2024**) खुली एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **कार्य का नाम :** खुली निविदा के माध्यम से मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली में न्यू शेल शॉप में आर्गोमिक्स सप्लाई पाइपलाइन की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 32,19,323.00, **अमानत राशि (₹में) :** ₹ 64,400.00, **कार्य की मात्राः** 01 सेट, **कार्य समापन की अवधिः** 45 दिन या पहले। • ई-निविदा दिनांक-**25.11.2024** को **15.00 बजे तक** ऑन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • ई-निविदा दिनांक- **25.11.2024** को **15.00 बजे के बाद** ऑन-लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। • ई-निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य परियोजना प्रबन्धक**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 56/ईटी/2024-25** — **दिनांक: 25.10.2024**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05241232 | 4.5 केडब्लू अंडर सलग टाइप कान्सटैंट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमेरजेंसी बैट्री चार्जर फॉर एलएचबी कोच | 1710 सेट | 20.11.2024 |
| 02 | 03241247A | सेट ऑफ सीटस एंड बर्थस सूटेबुल विद एसएस पीलर फॉर एलएचबी एसी2टी कोचेज | 60 सेट | 29.11.2024 |
| | | सेट ऑफ सीटस एंड बर्थस फॉर एलएचबी एसएलआर एचओजी कोचेज (31 सीटर) | 54 सेट | |
| 03 | 11241358 | सेट ऑफ साइड वाल कम्पलीट फॉर जीएस कोच (ईओजी) विद वाईडर विन्डो (विदाउट पराइमर) | 278 नग | 19.11.2024 |
| 04 | 11241357 | रूफ कम्पलीट फॉर एलडब्लूएस (अन्तोदय दीनदयालू कोच | 278 नग | 26.11.2024 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 44/ईटी/2024-25 दिनांक:13.09.2024 | टेंडर नं. 03241653 | निविदा खुलने की तिथि 25.10.2024 के स्थान पर 05.11.2024 पढ़ें |
| 02 | 46/ईटी/2024-25 दिनांक: 25.09.2024 | टेंडर नं. 11241185ए | निविदा खुलने की तिथि 29.10.2024 के स्थान पर 08.11.2024 पढ़ें |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल**

ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलमान उर्फ पप्पन, पुत्रः मो. मंजूर, पताः वेगा बांड, सी–ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली और स्थायी पता गांव मेनीथा, पुलिस थाना कुसेसर, जिला दरभंगा, बिहार** ने **E-FIR No. 0786/18, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सलमान उर्फ पप्पन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सलमान उर्फ पप्पन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 0786/18, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **सलमान उर्फ पप्पन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निहारिका कुमार शर्मा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर, कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/13739/NW/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संजय,** पुत्र रमेश चंद, निवासी- सी-1/160 नंद नगरी, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 294/2009 धारा 377/34 भा.द.स, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **संजय, एफ आई आर नंबर 294/2009 धारा 377/34 भा.द.स, थाना नंद नगरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 03.12.2024 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कमरा नं. 19, पहली मंजिल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/14180/NE/2024**


# प्रिंटर खराब होने की वजह से घंटों लाइन में लगे रहे अभ्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले** के नागरिक अस्पताल में सरकारी नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों के साथ-साथ मरीज व गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते दो दिन पहले खराब पड़े प्रिंटर को ठीक करवाने में कई घंटे लग गए। सोमवार को अस्पताल में सुबह से लैब में जांच रिपोर्ट पाने के लिए मरीज, गर्भवती महिलाएं व मेडिकल जांच करवाने वाले अभ्यर्थी घंटों लाइन में बैठकर प्रिंटर ठीक होने का इंतजार करते रहे।

करीब तीन घंटे बाद प्रबंधन की तरफ से प्रिंटर की कार्टेज भरवाकर ठीक करवाया। उसके बाद कर्मचारी व रिपोर्ट पाने वालों ने राहत की सांस ली। बता दें कि मौजूदा समय में जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों के साथ साथ सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं की भी भीड़ लगी हुई है। यहां जिले भर के युवाओं का मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। मेडिकल कराने के लिए बड़ी संख्या में युवा अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन से लेकर मेडिकल रिपोर्ट बनवाने तक पूरा दिन लग रहा है। काफी अभ्यार्थियों को तीन से चार दिन हो गए चक्कर काटते, लेकिन मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं बन पाया है। सोमवार को रूम नंबर 18 का प्रिंटर खराब होने की वजह से मेडिकल रिपोर्ट नहीं मिल रही थी।

# बेहतरीन तरीके से करें पैरवी: उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में चिन्हित अपराधों के मामलों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने जिला न्यायवादी (डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी) को निर्देश दिये कि गंभीर अपराध के मामलों में अदालतों में प्रभावी ढंग से पैरवी की जाये।

# अलग-अलग अपराधों में संलिप्त 25 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुलिस** महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के कुशल नेतृत्व में 27 अक्तूबर को जिला पुलिस द्वारा अपराधों को रोकने व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए आपरेशन आक्रमण चलाया गया, जिसके तहत पूरे जिले में कार्यवाही करने के लिए 60 पुलिस टीमों का गठन किया गया था, जिनमें कुल 240 अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस की टीमों द्वारा आपरेशन आक्रमण के दौरान 12 मामले दर्ज किए गए व कुल 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अवैध हथियार रखने पर शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत एक मामला दर्ज कर उसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद की गई। अवैध हथियार के मामले में गिरफ्तार आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि इसके अतिरिक्त आबकारी अधिनियम के तहत 9 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 251 बोतल अवैध देशी शराब व 8 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। जुआ अधिनियम के तहत दर्ज 2 मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

उन्होंने बताया कि एंटी आटो थेफ्ट टीम द्वारा वाहन चोरी के मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरीशुदा 3 दो पहिया वाहन बरामद किए गए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेश कुमार प्रोपराईटर ऑफ मेसर्स उमेश कुमार, अजय सिंह, दुकान नं. सी–614, प्रथम तल, न्यू सब्जी मण्डी, आजादपुर, दिल्ली–110033 वर्तमान पताः ए/205, बीसी ब्लॉक, शालीमार बाग, दिल्ली** ने case **CC No. 3389/2019 U/s 138 NI Act, थाना महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **उमेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **उमेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CC No. 3389/2019 U/s 138 NI Act, थाना महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **उमेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.12.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निहारिका कुमार शर्मा**
**अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट**
**कमरा नं. 117, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/14216/NW/2024(Court Matter)**

## उत्तर रेलवे

फाइल सं.: 752-ई/पुनः नियुक्ति/सेवानिवृत कर्मचारी/सी एच/2024

उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय, बसंत लेन, नई दिल्ली–110055 में **डाईटीशियन 01 पद** पर पुनः नियुक्ति के लिए सेवानिवृत पैरा मेडिकल स्टाफ से **12.11.2024 तक** आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्तियों की स्थिति, नियम शर्तों व आवेन पत्र के प्रारूप के साथ विस्तृत विज्ञापन उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

कृते **प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक**
उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय, नई दिल्ली

3343/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विधानसभा स्पीकर हरविंद्र का असंध हलके के गांवो में जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के स्पीकर हरविंद्र कल्याण का असंध हल्के के गांव शाहपुर, दादूपुर, हथलाना अड्डा और मंजूरा में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान असंध के विधायक योगेंद्र राणा भी उनके साथ रहे। लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि उन्हें हरियाणा विधानसभा स्पीकर की अहम और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। मैं कर्मठता के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा और करनाल जिला का मान बढ़ाउंगा। उन्होंने कहा कि घरौंडा की जनता ने उन्हें विधायक चुनकर भेजा और उन्हें अब विधानसभा स्पीकर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली। घरौंडा के साथ-साथ करनाल जिला का विकास उनकी प्राथमिकता है।

असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि करनाल जिला की जनता का सौभाग्य है कि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण को विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया हैं। यह इनकी निष्ठा व ईमानदारी का परिणाम है । उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी कार्यकताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा और करनाल जिला के विकास की गति तेज होगी । उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी हैं, डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास कार्य को तीन गुणा स्पीड से आगे बढ़ाया जाएगा।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली-एनसीआर में सांसों पर संकट

## आनंद विहार का एक्यूआई 350 के पार; आंखों में जलन की शिकायत कर रहे लोग

**दमघोंटू**

- दिल्ली के बाद सबसे प्रदूषित शहर बना गाजियाबाद
- 324 एक्यूआई के साथ देश में दूसरे नंबर पर रहा जिला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**/गाजियाबादः दीवाली के त्योहार से पहले दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता बिगड़ चुकी है। दिल्ली में सोमवार को औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 264 दर्ज किया गया है, जोकि बेहद खराब श्रेणी में आता है। साथ ही कई इलाकों में धुंध छाई हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली के आनंद विहार में सुबह आठ बजे अदक356 रिकॉर्ड किया गया, इससे पहले रविवार को यहां सुबह आनंद विहार का एक्यूआई 406 था। वायु प्रदूषण के मामले में गाजियाबाद की स्थिति देश में बेहद खराब बनी हुई है। सोमवार सुबह गाजियाबाद के वसुंधरा में अदक 265 और संजय नगर में 287 दर्ज किया गया। वहीं नोएडा के सेक्टर-62 में एक्यूआई 269 और सेक्टर 125 में अदक275 दर्ज किया गया।

तमाम दावों के बाद भी अधिकारी प्रदूषण रोकथाम में पूरी तरह फेल हो गए हैं। यही कारण है कि रविवार को गाजियाबाद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 324 दर्ज किया गया। इससे लोगों की आंखों में जलन रही।

**देश में सबसे प्रदूषित रही दिल्ली**

उल्लेखनीय है कि इससे पहले रविवार को 356 एक्यूआई के साथ दिल्ली देश में सबसे प्रदूषित रही। गाजियाबाद में 15 अक्टूबर को ग्रेप (ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान) लागू होने के बाद से ही हवा केवल एक दिन ही मध्यम श्रेणी में रही है। बाकी दिन खराब व बेहद खराब दर्ज की गई है। सुबह में एक्यूआई में गिरावट आती है, लेकिन समय बढ़ने के साथ ही प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता रहता है। प्रदूषण के स्तर में सुधार नहीं होने से लोगों को अब चिंता सताने लगी है। अगर यही स्थिति बनी रही तो जल्द ही हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच जाएगी। इसके बाद सांस लेना भी दूभर हो जाएगा। समय रहते अधिकारियों को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। अगर सभी विभाग अपना-अपना कार्य करेंगे तो लोगों साफ हवा नहीं भी मिली तो एक्यूआई में गिरावट जरूर आएगी।

**लोनी की हवा सबसे ज्यादा खराब**

**लोनी** का वायु गुणवत्ता सूचकांक 292 दर्ज किया गया। 58 अंक की बढ़ोतरी के साथ 350 दर्ज किया गया। यहां की हवा संजयनगर, इंदिरापुरम व लोनी में सबसे खराब रही। इंदिरापुरम का एक्यूआई भी बेहद खराब श्रेणी में 318 रहा। इन इलाकों के लोगों को प्रदूषण के कारण आंखों में जलन रही। लोनी में अवैध फैक्ट्रियों के संचालन को प्रदूषण का मुख्य कारण माना जा रहा है। वहीं, इंदिरापुरम व संजय नगर में सड़कों पर उड़ती धूल को अधिकारी प्रदूषण का कारण मान रहे हैं।

## पटाखों पर प्रतिबंध सख्ती से लागू हो



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय का दावा है कि दिल्ली में पटाखों का उत्पादन, भंडारण और वितरण किया जा रहा है। अब गोपाल राय ने उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर लागू प्रतिबंधों का उल्लंघन किए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया। गोपाल राय ने सोमवार को उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा है, "मेरे संज्ञान में लाया गया है कि प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली के विभिन्न बाजारों में पटाखे खुलेआम बेचे जा रहे हैं। ये पटाखे दिल्ली को हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाली विभिन्न सीमाओं के जरिए लाए जा रहे हैं। प्रदूषण पर लगाम लगाने के इरादे से पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने 14 अक्टूबर को शहर में 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और उपयोग पर रोक लगाने की घोषणा की थी। पत्र में आगे लिखा गया है, "कानून प्रवर्तन एजेंसियों के रूप में दिल्ली पुलिस ने पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया है। विक्रेता खुलेआम लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहे हैं।" पत्र में ये भी कहा गया है, "दिवाली के दौरान इन पटाखों को फोड़ने से वायु प्रदूषण और दिल्ली के निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने वाला है। सोमवार को वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता पूवार्नुमान एवं अनुसंधान प्रणाली (सफर) के अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 328 दर्ज किया गया।

## स्वाति ने किया शीश महल कालोनी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के किराड़ी क्षेत्र की शीश महल कॉलोनी का दौरा किया और वहां की दयनीय स्थिति पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि क्षेत्र में न तो सड़कें हैं, न सीवर, न ही पीने के लिए साफ पानी, और न ही स्वच्छता की बुनियादी सुविधाएं। जगह-जगह खुले नाले और कूड़े के ढेर से स्थानीय निवासियों को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र में जल जमाव के बीच में खुले तारों के कारण करंट लगने से कई जान भी गई हैं। स्वाति मालीवाल ने कहा, दिल्ली में दो शीश महल हैं। एक वह शीश महल है, जिसमें 6 करोड़ के पर्दे और 10 लाख रुपये के टॉयलेट्स लगे हैं।









# कुरुक्षेत्र और लाडवा में बनेगा बाईपास: सीएम सैनी

### प्रदेश में जल्द कई हजार करोड़ की परियोजनाओं को पहनाया जाएगा अमलीजामा, हर नागरिक की समस्या का होगा समाधान, 24 घंटे खुले रहेंगे जनता के लिए दरवाजे



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिहोवा, कुरुक्षेत्र, लाड़वा के साथ-साथ हरिद्वार जाने वाले लाखों लोगों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए पिहोवा से यमुनानगर तक सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र और लाडवा में भी बाईपास बनाकर लोगों को ट्रैफिक जाम जैसी समस्या से निजात दिलाई जाएगी। प्रदेश में तेज गति के साथ कई हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। मुख्यमंत्री जिला कुरुक्षेत्र में कार्यकताओं द्वारा आयोजित स्वागत व धन्यवाद समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं, पदाधिकारियों व क्षेत्र की सम्मानित जनता को हाथ जोड़कर शीश नवाते हुए कमल का फूल खिलाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने दीपावली पर्व, भैया दूज, छठ पूजा व विश्वकर्मा जयंती की भी सभी को बधाई दी। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि भाजपा की प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर लाडवा को विकास की दृष्टि से बेहतर बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मेट्रो व लोकल ट्रेनों का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को अपने आवागमन में आसानी हो। प्रदेश में जल्द ही ऐसे बहुत सी सड़क परियोजनाओं व अन्य परियोजनाओं को गति देने का काम किया जाएगा जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो और लोगों को इन सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नागरिकों की जो भी समस्याएं एवं कार्य हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर करवाना सुनिश्चित किया जाए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र के तहत जहां पर भी सड़कों से संबंधित पैच वर्क या सड़कों को दुरुस्त किया जाना है, उस कार्य को जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की समस्या का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनता के लिए 24 घंटे हमारे दरवाजे खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही समय मिलेगा वह लाडवा के हर वार्ड, गांव, मोहल्ले में जाकर जनता का यहां से कमल का फूल खिलाने के लिए धन्यवाद भी करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं, पदाधिकारियों, मंडल प्रमुख को कहा कि भाजपा द्वारा ऑनलाइन भाजपा की प्राथमिक सदस्य बनाने की मुहिम चलाई गई है। हर बूथ पर समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए कम से कम 300 लोगों को इस मुहिम से जोड़ना है। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त राजेश जोगपाल, पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

**विकास पर बल**

**लाडवा विधानसभा क्षेत्र के तहत जहां पर भी सड़कों से संबंधित पैच वर्क या सड़कों को दुरुस्त किया जाना है**

## गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाएगी भाजपा: ओम प्रकाश धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** गुरुग्राम में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर सोमवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में कार्यशाला हुई। कार्यशाला में गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए इसके बारे में राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने बूथ और मंडल स्तर पर कार्यशाला करके नए सदस्य जोड़ने के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में विधायक बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, मुकेश शर्मा व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी भी उपस्थित रहीं। कार्यशाला के बाद राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए और भाजपा के सदस्यता अभियान के बारे में बताया। धनखड़ ने देश व प्रदेश वासियों को दीपावली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।
ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। हरियाणा में 20 हजार 629 बूथ हैं और हर बूथ पर 250 सदस्य बनाए जाने हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में 4 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया है।
गुरुग्राम विधानसभा में 1 लाख 25 हजार, बादशाहपुर विधानसभा में भी 1 लाख 25 हजार व पटौदी तथा सोहना विधानसभा में 1-1 लाख नए सदस्य बनाए जाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा महिला आयोग ने डीजीपी और जांच अधिकारी को फरीदाबाद तलब किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा में आई पी एस अफसर पर यौन शोषण के आरोपों पर महिला आयोग ने पुलिस महानिदेशक शत्रूजीत कपूर और जांच अधिकारी फतेहाबाद की एस पी आस्था मोदी को मंगलवार को फरीदाबाद तलब किया है। उन्हें साथ में अभी तक की गई जांच की रिपोर्ट साथ लाने को कहा गया है। आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि मेरी जांच अधिकारी से बात हो चुकी है। अगर जांच में कमी मिली तो दोबारा जांच के आदेश किए जाएंगे। जरूरी हुआ तो डीजीपी को किसी बड़े अधिकारी को जांच सौंपने को कहा जाएगा। लाडवा में धन्यवादी दौरे के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। जल्द रिपोर्ट सामने आ जाएगी। नायब सैनी सोमवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र लाडवा में धन्यवादी दौरे के लिए पहुंचे थे। अभी तक इस मामले में 19 पुलिस कर्मचारियों के बयान दर्ज हो चुके हैं। रेनू भाटिया डीजीपी शत्रूजीत कपूर से जांच की रिपोर्ट मांग चुकी हैं। आई पी एस अफसर को 30 अक्टूबर को आयोग में पेश होने को कहा गया है। भाटिया का कहना है कि आरोपी चाहे कितने भी बड़े पद पर क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। नायब सैनी ने लाडवा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम हाउस के दरवाजे कार्यकताओं के लिए हमेशा खुले हैं। लाडवा में किन-किन विकास कार्यों की जरूरत है, उस चिह्नित करें, हम उसे पूरा करवाने का काम करेंगे। लाडवा की सबसे बड़ी मांग बाइपास की थी। हमने उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का काम किया है।लाडवा के विकास लिए सभी अधिकारियों को आदेश दे दिए हैं। किसानों को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।सैनी ने कहा कि केजरीवाल सरकार मलाई खाने वाली सरकार है। यमुना नदी साफ करने की बात उन्होंने कही थी, लेकिन आज तक साफ नहीं हो पाई। आज वो प्रदूषण के लिए हरियाणा को जिम्मेदार बताते हैं। दिल्ली की यमुना नदी में 28 नालों का गंदा पानी डाला जा रहा है।

### कैथल जिले में बाबा मुकुट नाथ की समाधि पर पहुंच कर यूपी के मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना

**कैथल:** गांव सौंगल में बाबा मुकुट नाथ डेरा में सोमवार को आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। योगी ने बाबा मुकुटनाथ की समाधि पर पूजा-अर्चना की और स्थानीय ग्रामीणों से सनातन धर्म की अलख जगाने में सहयोग करने की अपील की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर दोपहर बाद 3 बजे गांव के स्टेडियम में बने हेलीपैड पहुंचा। यहां गांव के मठ की ओर से गठित कमेटी सदस्य शमशेर मलिक, राजमल सिंह, ओम प्रकाश, सतपाल शर्मा, रामभज, विक्रम बांगड़ व पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, तुषार ढांडा व दरबारा महला ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी यहां बाबा मुकुट नाथ के डेरा पर पहुंचे। योगी ने बाबा मुकुट नाथ की समाधि पर पूजा अर्चना की और फिर गांव के लोगों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीणों से सनातन धर्म की अलख जगाने में सहयोग करने की अपील की और नाथ संप्रदाय के इतिहास पर प्रकाश डाला। उनके साथ आए महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि गांव के लोगों को चाहिए कि अपने बच्चों को सनातन शिक्षा की तरफ ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि स्कूल से बड़ा कोई मंदिर नहीं होता इसलिए किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है और इसमें सनातन शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस दौरान तत्कालीन गद्दी नशीन बाबा योगी शेरनाथ डेरा सौंगल ने कहा कि गांव में अमन व शांति के प्रतीक के रूप में इस डेरे की प्रतिष्ठा लोगों के दिल में बसती है और गांव में आपसी भाईचारा व सौहार्द का प्रतीक है।
इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप बांगड़, पूर्व सरपंच शीशपाल, पूर्व सरपंच राजेश शर्मा, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, ग्रामीण गोपी राम, रमेश, पंजाब सिंह, मास्टर कलीराम, सत्यवान, दरिया राम, मास्टर अशोक, चांदी राम, महला पेंटर, सतीश शर्मा, शमशेर सिंह मलिक, पवन कुमार, भले राम, जोगिंदर सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पीस मिशन ने सिख,मुस्लिम और ईसाई के लिए संविधान में विशेष प्रावधान की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** आल इंडिया पीस मिशन की ओर से यहां आयोजित संगोष्ठी में सिख,मुस्लिम और ईसाई को मौजूदा संविधान के अनुच्छेद 25 से बाहर संरक्षण के लिए विशेष संवैधानिक प्रावधान की मांग की गई।संगोष्ठी के बाद मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दया सिंह ने सोमवार को मीडिया को यह जानकारी दी। दया सिंह ने बताया कि संविधान 26 नवम्बर 1949 को स्वीकार किया गया था। इस दिवस के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे है। इसी को ध्यान में रखते हुए 26 अक्तुबर को देश में सिख और मुस्लिम समुदाय की मौजूदा स्थिति के आकलन के लिए सिख और मुस्लिम प्रतिनिधियों की बैठक चंडीगढ़ स्थित केंद्रीय सिंह सभा भवन में आहुत की गयी , जिसमें एक प्रस्ताव भी स्वीकार किया गया।
उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की ताकतों ने गत 40 वर्षों से देश में जो माहौल पैदा किया है उसमें सिख और फिर मुस्लिम को अलगाववादी और आतंकवादी करार दिया गया है। वर्ष1984 के सिख नरसंहार को इस संदर्भ में देखा जा सकता है।अफसोस है कि हिन्दू बहुसंख्यक भी सिखों को नही बचा सके । ऐसा लगा कि संविधान भी सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहा ।, उसी प्रकार हिन्दू मुस्लिम दंगे भी उसी का नतीजा है। लिंचिंग ही नही घरों और दुकानों को बुलडोज करने का सिलसिला बिना न्याय के शुरू किया गया । ऐसा भी लगने लगा जैसे उनको देश की चुनावी प्रक्रिया से ही बाहर कर दिया गया हो। जिससे वे राजनीतिक नीति निर्धारण से भी अलग थलग हो गए। दुख तो इस बात का भी है कि सिखों के खिलाफ कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यू के और बाकी देशों में ऐसा महोल सृजित कर दिया गया जिससे सिख और मुस्लिम के सामने अस्तित्व का प्रशन खड़ा हो गया । इसे देखते हुए यह तय किया गया कि संयुक्त कोशिश करने के लिये एक मंच की स्थापना हो जो अल्पसंख्यकों के संविधानिक अधिकारों के लिये संवाद की शुरूआत करे ' संविधान के अनुछेद 25 से सिख बाहर निकलना चाहता है अन्यथा उसे हिन्दू में वगीर्कृत कर दिया गया । संविधान में कोई विशेष प्रावधान हो जिससे सिख, मुस्लिम और ईसाई भी हिन्दू के बराबर का हकदार होकर अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण लाभ के सके '
उन्होंने कहा कि आरएसएस सिखों को पंजाब में नेतृत्व विहीन करने के लिए प्रयासरत रही है जैसे कि कॉग्रेस मुक्त भारत की बात कही जा रही है'।
उन्होंने कहा कि अकाली दल का 100 वर्ष का सुनहरा इतिहास रहा है जिसने आजादी के संघर्ष में अहम रोल अदा किया है लेकिन वह आज ऐसे हालात से रूबरू है कि, इन उप चुनावों में उमीदवार ही खड़े कर पा रही। क्या श्री अकाल तखत साहिब के जथेदार और उनके साथी जथेदार सर्व शक्ति मान हो गये? सिखों के पास बाकायदा एक दस्तावेज है सिख रहत मयार्दा जिस का अनुपालन करना होता है। अब उसकी अवहेलना की जा रही है।
जिस प्रकार दमदमा साहिब के जथेदार ने अपना आचरण मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया क्या उससे अकाल तखत साहिब की मर्यादा तार तार नही हुई ? क्या सिखों और खास तौर पर शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी को आत्म मन्थन नही करना चाहिए जिससे पूरा सिख पंथ ही चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया हो ? यह सवाल जवाब मांगते हैं ' ऐसा लगता है पंजाब के लोग अपनी अहमियत को ही प्रस्तुत करने में असहाय से हो गये '

**मांग**

**सिख और फिर मुस्लिम को अलगाववादी और आतंकवादी करार दिया गया है**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

### रियाणा में मेट्रो के विस्तार के लिए कराई जाएगी मैपिंग

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मेट्रो विस्तार को लेकर कवायद शुरू कर दी है। एनसीआर में हरियाणा के कई नगरों की दिल्ली की दूरी घटाने और आमजन के सफर को सुगम बनाने के लिए मेट्रो विस्तार की मैपिंग कराई जाएगी। खासकर गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी और झज्जर में मेट्रो विस्तार की कार्य योजना तैयार होगी। इसके साथ ही रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का दिल्ली से पानीपत की बजाय करनाल तक विस्तार किया जाएगा, इसको लेकर भी केंद्र सरकार ने कदम बढ़ाया है।

## धान व बाजरा की खरीद के लिए किसानों को अब तक 8931 करोड़ का भुगतान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में धान और बाजरा की फसलों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार किसानों की फसल के एक एक दाने की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की जा रही है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार फसल खरीद का पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में भेज रही है। अब तक धान और बाजरा किसानों को 8931 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। जिसमें 8084 करोड़ रुपये धान किसानों को और 847 करोड़ रुपये बाजरा किसानों को भुगतान किया जा चुका है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीद सीजन के दौरान मंडियों में धान व बाजरे की खरीद सुचारू रूप से जारी है। अब तक विभिन्न मंडियों में 4550473 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। कुल आवक में से 4302418 मीट्रिक टन धान की खरीद एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर की जा चुकी है। मंडियों से धान का निरंतर उठान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, अब तक विभिन्न मंडियों में 430193 मीट्रिक टन बाजरा की आवक हो चुकी है, जिसमें से 417771 मीट्रिक टन बाजरा को एमएसपी पर खरीदा भी जा चुका है। प्रवक्ता ने बताया कि इस बार किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी न आए तथा उन्हें मंडियों में प्रवेश के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े, इसके लिए विभाग ने ऑनलाइन गेट पास की सुविधा उपलब्ध करवाई है। सरकार सामान्य धान के लिए 2,300 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान के लिए 2,320 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूरी खरीद प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

**कुरुक्षेत्र में हुई धान की सर्वाधिक खरीद**

उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले की मंडियों में 962575 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 935432 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। इसी प्रकार करनाल जिले की मंडियों में 808728 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है और 7,94,323 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। कैथल जिले में 7,86,955 मीट्रिक टन धान मंडियों में आया है जिसमें से 772039 मीट्रिक टन खरीदा गया है। अंबाला जिले में 519087 मीट्रिक टन आवक में से 474075 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। यमुनानगर जिले की मंडियों में 513520 मीट्रिक टन में से 480191 मीट्रिक टन और फतेहाबाद जिले में 459677 मीट्रिक टन में से 409851 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।

## सैनी ने कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली महोत्सव प्रदेश के गीत संगीत, कला, संस्कृति को लेकर युवा पीढ़ी को जोड़ने का एक अद्भुत संगम है। हरियाणा प्रदेश सदैव शाश्वत ज्ञान परम्परा, सम्पन्नता और योद्धाओं की वीरता का प्रमुख केन्द्र रहा है। वैदिक काल से ही इस प्रदेश की सांस्कृतिक सम्पन्नता के साक्ष्य उपलब्ध हैं। इस वैदिक काल की संस्कृति और संस्कारों को रत्नावली महोत्सव सहेजने का काम कर रहा है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मंत्री श्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शिल्प मेले का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली सहित सभी त्योहारों की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, कौशल विकास, खेल, कला, संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। देश में ऐसे कम ही विश्वविद्यालय हैं जो शिक्षा के साथ-साथ अपने क्षेत्र व देश की संस्कृति को सहेजने का काम कर रहे हैं। रत्नावली महोत्सव हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अनूठा प्रयास है। पिछले 37 वर्षों से इस विश्वविद्यालय में रत्नावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के गीत-संगीत, कला-संस्कृति को लेकर युवा पीढ़ी को जोड़ने का यह अद्भुत प्रयास है। हरियाणा की सांस्कृतिक विकास यात्रा में इस उत्सव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस महोत्सव में हर वर्ष नई विधाओं से युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## रेवाड़ी: विद्यार्थी स्वरोजगार से दूसरों को भी दें रोजगार: लक्ष्मण



**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी:** रेवाड़ी राजकीय आईटीआई में सोमवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में विधायक लक्ष्मण यादव ने पासआउट छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुनील कुमार यादव ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर जेआरएम संस्था के चेयरमैन महेंद्र रूपेला मौजूद रहे। इस अवसर पर आईटीआई से 2024 में उत्तीर्ण होने वाले सभी बच्चो को प्रमाण पत्र वितरित किए जाने के अलावा हर ट्रेड में प्रथम 3 स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।
समारोह में कुल 60 छात्र-छात्राओं को स्टेज से सम्मानित किया गया। विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि आप सभी छात्र छात्राएं स्वरोजगार स्थापित करने की दिशा में भी काम करें और दूसरों को भी रोजगार दें। वर्तमान केंद्र तथा प्रदेश सरकार ने स्किल डेवलपमेंट पर जोर देते हुए कई अनूठे कार्यक्रम आरंभ किए हैं।
तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा आसान शर्तों पर ऋण दिया जाता है, ताकि मेक इन इंडिया की अवधारणा को पूरी तरह से सार्थक किया जा सके। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुनील यादव ने रोजगार के अवसरों को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर आईटीआई से अधीक्षक वर्ग अनुदेशक पवन कुमार व हनुमान आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा में दीवाली से पहले ही बिगड़ गई हवा

### फतेहाबाद में भी एक्यूआई 416 होने से हालत खराब हो चुकी है, प्रदेश में पीएम–10 बढ़ने लगा है



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** में दीवाली से पहले ही प्रदूषण से हवा की स्थिति बिगड़ गई है। गुरुग्राम में तो वायु की गुणवत्ता ए क्यू आई 500 तक पहुंच गया है। जिससे सामान्य आदमी भी बीमार हो सकता है। फतेहाबाद में भी ए क्यू आई 416 होने से यही हालत हो चुकी है। प्रदेश में पी एम-10 बढ़ने लगा है। इससे गुरुग्राम और फतेहाबाद में ज्यादा दिक्कतें हो सकती है। हालात बिगड़ते देख दिल्ली एन सी आर में ग्रैप टू लागू कर दिया गया है। हरियाणा के 14 जिले एनसीआर में आते हैं। जिसमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूंह, रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, जींद और करनाल शामिल हैं। लगातार बढ़ते प्रदूषण के बावजूद पराली जलने के मामले थम नहीं रहे हैं। प्रदेश में अब तक 713 जगहों पर पराली जलाई जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद हरियाणा सरकार भी कुछ एक्शन में नजर आ रही है। सरकार ने 26 कर्मचारी निलंबित कर दिए हैं। 11 अधिकारियों को चार्जशीट किया है जबकि 383 अधिकारियों को नोटिस थमाए जा चुके हैं। इसके अलावा अब तक 186 किसानों पर एफ आई आर दर्ज की गई है जबकि 34 गिरफ्तार किए जा चुके हैं। प्रदेश के 16 शहरों में एक्यूआई 300 के पार चल रहा है। इसमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, अंबाला, बहादुरगढ़, भिवानी, हिसार, चरखी दादरी, धारूहेड़ा, जींद, कैथल, कुरूक्षेत्र, मंडीखेड़ा, पंचकूला, सोनीपत और यमुनानगर जिले शामिल हैं। वहीं पानीपत और पलवल में प्रदूषण का स्तर कम है। पीएम 10 में निर्माण स्थलों, लैंडफिल और कृषि, जंगल की आग और ब्रश,कचरा जलाने, औद्योगिक स्त्रोतों, खुली जमीन से हवा में उड़ने वाली धूल, पराग और बैक्टीरिया के टुकड़े भी शामिल होते हैं। पीएम 10 कण इतने छोटे होते हैं कि वे गले और फेफड़ों में जा सकते हैं। पीएम 10 का उच्च स्तर खांसी, नाक बहना और आंखों में जलन पैदा कर सकता है।

**प्रदूषण**

**बढ़ते प्रदूषण के बावजूद पराली जलने के मामले थम नहीं रहे हैं। 713 जगहों पर पराली जलाई जा चुकी है**

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरुवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 29.10.24, 01 एव 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 30.10.24, 02 एव 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरु, रवि, बुध | 31.10.24, 03 एव 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरुवार | 31.10.24 तक |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरुवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरु, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी ज | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार ज | 12:30 | मुज्फ्फरपुर ज | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरुवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | बुधवार एवं सोमवार | 30.10.24 एवं 04.11.24 |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | शुक्रवार एवं बुधवार | 01.11.24 एवं 06.11.24 |
| 04680 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:40 | कामाख्या | 21:00 | तिथि वार | सोमवार एवं शनिवार | 02.11.24 तक |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | | गुरुवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | सहरसा | 05:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं रविवार | 29.10.24 एवं 03.11.24 |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | | गुरुवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना ज | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर ज | 00:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 26.12.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरुवार | 07.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज ज | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरुवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरुवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 03.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरुवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरु, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरु, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरुवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 05273 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.11.24 को |
| 05274 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 03.11.24 को |
| 06097 | चेन्नै सेंट्रल | 05:15 | अम्बाला कैंट जं. | 02:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 06098 | अम्बाला कैंट जं. | 15:30 | चेन्नै सेंट्रल | 13:35 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हजरत निजामुद्दीन | 04:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 4,11 एवं 18.11.24 |
| 07618 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | काचीगुडा | 11:45 | | बुधवार | 6,13 एवं 20.11.24 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# दीपावली का सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक महत्व

**दीपावली** अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व है। दीपावली का अर्थ है- दीपों की पंक्तियां। दीपावली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के दो शब्दों 'दीप' एवं 'आवली' से हुई है। यह त्यौहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। दीपावली एक दिवसीय त्यौहार नहीं है। इसमें कई त्यौहार सम्मिलित हैं, जो एक-दूसरे से संबद्ध हैं जैसे धन त्रयोदशी अर्थात धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज। इसीलिए इसे दीपावली महोत्सव अर्थात दीपोत्सव भी कहा जाता है। यह महोत्सव भारत सहित विश्व के हिंदू बहुल क्षेत्रों में कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की दूज तक हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन धातु की वस्तु क्रय करना अति शुभ माना जाता है। इस दिन तुलसी या गृह के द्वार पर दीप प्रज्वलित किया जाता है। नरक चतुर्दशी के दिन यम की पूजा के लिए दीप प्रज्वलित किए जाते हैं। दीपावली के दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से गृह धन-धान्य एवं समृद्धि से भरा रहता है। गोवर्धन पूजा के दिन लोग गाय एवं बैलों को सजाते हैं तथा गोबर का पर्वत बनाकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं। इसीलिए इसे गोवर्धन पूजा कहा जाता है। भैया दूज पर बहन अपने भ्राता के माथे पर तिलक लगाकर उसके लिए मंगलकामना करती है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने की परंपरा भी प्राचीन काल से चली आ रही है। माना जाता है कि ऐसा करने से सभी पापों का नाश होता है तथा पुण्य की प्राप्ति होती है।

दीपावली का संबंध मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से भी है। रामायण के अनुसार दीपावली के दिन श्रीरामचंद्र 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अपने राज्य अयोध्या लौटे थे। उन्होंने लंका नरेश रावण का वध करके अपनी पत्नी सीता को स्वतंत्र करवाया था। उनके परिवारजनों एवं प्रजा के लिए यह दोहरी प्रसन्नता का विषय था। इसलिए उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने घी के दीप प्रज्वलित करके अपनी प्रसन्नता एवं श्रद्धा व्यक्त की थी। तभी से दीपावली का त्यौहार मनाया जा रहा है। महाभारत के अनुसार दीपावली के दिन ही बारह वर्षों के वनवास एवं एक वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात पांडव हस्तिनापुर वापस आए थे। यह भी मान्यता है कि दीपावली का भगवान विष्णु की पत्नी देवी लक्ष्मी से संबंधित है। दीपावली का पांच दिवसीय महोत्सव देवताओं एवं राक्षसों द्वारा समुद्र मंथन से पैदा हुई लक्ष्मी के जन्म दिवस से प्रारंभ होता है। समुद्र मंथन से प्राप्त चौदह रत्नों में देवी लक्ष्मी भी एक थीं। इनका प्रादुर्भाव कार्तिक मास की अमावस्या को हुआ था। उस दिन से कार्तिक की अमावस्या देवी लक्ष्मी के पूजन का त्यौहार बन गई। इसीलिए दीपावली पर देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। दीपावली की रात्रि को देवी लक्ष्मी ने अपने पति के रूप में भगवान विष्णु का वरण किया था। मान्यता है कि इस दिन देवी लक्ष्मी प्रसन्न रहती हैं। जो लोग इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन पर देवी की विशेष कृपा होती है। इस दिन लोग लक्ष्मी के साथ-साथ शिव-पार्वती पुत्र गणेश, विद्या की देवी सरस्वती एवं धन के देवता कुबेर की भी पूजा-अर्चना करते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से धन में वृद्धि होगी तथा उसका सदुपयोग होगा। यह भी मान्यता है कि दीपावली के दिन भगवान विष्णु अपने बैकुंठ धाम में वापस आए थे।

# बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है



-ललित गर्ग-

> "सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है"

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए हिंदू एकता के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटोगे तो कटोगे बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया। श्री होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है। उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने



हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबोले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की। सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद के जरिए समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है। उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। ध्यान रहे कि अभी राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुस्लिम लड़के सलीम ने खुद को संजू बताकर हिंदू लड़की सोनिया को प्यार के जाल में फंसाया। सलीम ने सोनिया के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। सोनिया ने जब शादी दबाव बनाया तो सलीम ने दो दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी और शव को हरियाणा में अपने ननिहाल के गांव में एक खेत में गाड़ दिया। निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति सचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए। संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्घोषन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं, विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिये हिन्दू समुदाय को तोड़ने एवं विभाजित करने के लिये तरह-तरह के षडयंत्र कर रहे हैं। एक बार फिर संघ ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश दिया है और इस सन्देश को जिस तरह आकार दिया जाना है, उसका दिशा-निर्देश भी दिया गया है। आरएसएस महासचिव ने कहा, महात्मा गांधी ने भी स्वराज्य का मंत्र दिया था। स्व का मतलब है स्वाधीनता, राष्ट्रीय स्वत्व। यहां हिन्दुओं को अपनी परंपरा, अपनी सभ्यता, उसके अनुभवों के साथ व्यवहार करना है, आधुनिकता का पालन करना है, आधुनिकता में भी स्व को नहीं भूलना है। इस स्व को जीवंतता देकर ही हिन्दू समाज टूटने एवं बिखरने से बच सकता है। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे एकात्ममुख करना जरूरी है। होसबोले के आह्वान का हार्द हिन्दुओं को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नयी शक्ल देने का है। जब होसबोले देश को बदलने और आगे ले जाने के लिए संकल्प व्यक्त कर रहे हैं तो फिर हिन्दुओं का भी यह दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से के संकल्प ले, संगठित हो।

## कविता

प्यार तो प्यार है कोई सौदा नहीं
संजीव।

प्यार का हर लम्हा तन्हा नहीं होता
इश्क में हर शख्स बेवफा नहीं होता।

इश्क में मजबूरियां हैं जमाने में
प्यार हमेशा गमजदा नहीं होता।

प्यार में इतना सौदा क्यों करते हैं लोग
प्यार कभी इजहारे बाजार नहीं होता।

खुदा की इबादत मोहब्बत है जान लो
इश्क का कभी कोई मजहब नहीं होता।

प्यार की पाकीजगी पर शक क्यों भला
प्यार तो प्यार है कोई सौदा नहीं होता।

सच्चा प्यार मासूमियत का एक पहलू
वर्ना प्यार से खुदा का वास्ता नही होता।

दिल से करके देखो सच्ची मोहब्बत
वरना खुदा यूं खुदा नहीं होता संजीव।

संजीव

## प्रयोग धर्मिता से नवीनता ही सफलता का राजमार्ग

संजीव

**परिवर्तन का** क्रिया चक्र खुद इस बात का द्योतक है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा-सीधा तात्पर्य जड़ता का नाश और विकास की अनंत गाथा का प्रादुर्भाव होना और स्थिरता का अंत ही है। गतिमान परिवर्तन की शुभारंभ स्थिर और जंगम का स्थाई समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी। यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और मानवीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरूप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए-नए कल पुर्जों का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए-नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं। समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब मानवीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया। परिवर्तन वस्तुतः ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस 'आय हैव ए ड्रीम' की कल्पना की थी वह परिवर्तन में छिपे अवसर को पाने का ही एक सपना था। महात्मा गांधी जी ने जिस 'स्वराज' की कल्पना की,वह भी अवसर की तलाश की तरफ अग्रसर एक महत्वपूर्ण प्रयास ही था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने 'यस वी कैन' में भी उसी परिवर्तन को साकार करने की लालसा थी। कुल मिलाकर बात यह है कि जब जब मनुष्य पुराने विचारों जड़ता स्थिरता का प्रतिकार करता है।

## विचार

# लेखनी को पलने और बढ़ने का माहौल देता उत्तराखंड का 'लेखक गांव'

-डॉ सत्यवान सौरभ

'**लेखक** गांव' लेखकों, कवियों, साहित्यकारों और अन्य रचनाकर्मियों द्वारा महसूस की जा रही व्यावहारिक कठिनाइयों का निवारण करने की ओर एक अभिनव पहल है। उत्तराखंड में यह पहला लेखक गाँव भविष्य का पर्यटक गंतव्य बनकर उभरेगा। यह मंच उन लेखकों के लिए, एक सुनहरा अवसर है जो अपने शब्दों के माध्यम से समाज को नयी राह दिखाने का सामर्थ्य रखते हैं। लेखक गाँव के वातावरण में सृजनशीलता का प्रवाह अनेक लेखकों और कवियों को प्रेरित करेगा। देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र में स्थित थानो गाँव ने देश के अपनी तरह के पहले 'लेखक गांव' का गौरव हासिल किया है। इस गाँव की अवधारणा से लेकर उसका विकास उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किया है जो स्वयं एक विशिष्ट साहित्यकार के रूप में भी पहचान रखते हैं। उनका दावा है कि इस गाँव में लेखकों को अपनी कृतियों के सर्जन के लिए जरूरी एक शांत और रचनाशील वातावरण मिलेगा। देश के पहले लेखक गाँव थानो में स्पर्श हिमालय फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित "स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024" भारतीय साहित्य, संस्कृति और कला की समृद्ध धरोहर का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखण्ड के पहले "लेखक गाँव" का उद्घाटन हुआ, जहाँ लेखक और विचारक प्रकृति के सान्निध्य में सृजनात्मक चिंतन की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं। हिमालयीय वैषिष्ट्यता लिए 'लेखक गाँव' का उद्देश्य देश-दुनियाँ के उन विलक्षण, विद्वान साहित्यकारों, गीतकारों, कलाकारों को ठौर प्रदान करना है, जिनकी लेखनी नेअपने समय की कालजयी रचनाओं का सर्जन कर आमजन के बीच लोकप्रियता हासिल की। "लेखक गाँव" का यह अनूठा आयोजन न केवल साहित्यकारों को प्रेरणा प्रदान करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यहाँ लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय और गंगा व हिमालय संग्रहालय जैसी संरचनाओं ने इसे एक सम्पूर्ण साहित्यिक तीर्थ बना दिया है। 25 से 27 अक्टूबर 2024 को स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के तत्वावधान में देहरादून के थानो में स्थित लेखक गाँव में अंतरराष्ट्रीय कला, साहित्य और संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 65 से अधिक देशों के साहित्यकार, लेखक और कलाकारों ने भाग लिया, जो हिन्दी भाषा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में कामयाब हुए। यह महोत्सव हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और इसमें भाग लेने वाले विदेशी साहित्यकार अपने देशों में हिन्दी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे। देवभूमि उत्तराखण्ड का यह "लेखक गाँव" प्रदेश की अद्भुत रचनात्मकता और सृजनशीलता का प्रतीक है। यहाँ का शांत और सुरम्य वातावरण लेखकों को सर्जन के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। चिंतन, मनन और स्वयं की खोज में "लेखक गाँव" जैसे स्थानों की महत्ता है। ऐसे एकांत और सृजनात्मक वातावरण में लेखकों को आत्म-साक्षात्कार का सजीव अनुभव प्राप्त होता है। लेखक गाँव की मूल परिकल्पना को यथार्थ के धरातल पर उतारते हुए 'लेखक कुटीर' इस परिसर का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनाओं को सहेजता है। जीवन के तमाम कड़वे-मीठे अनुभवों और झंझावतों को स्वयं में समेटे ऐसे वयोवृद्ध लेखकों के लिए यह परिसर स्वयं में स्नेह और आशीष की छाँव में स्थापित एक ऐसा स्थान है जहाँ प्रतिभाएं मानवता की सेवा चरितार्थ होंगी। विश्व के हिमालयीय सरोकारों से जुड़े प्रसिद्ध लेखकों, साहित्य साधकों एवं कालाकारो के नाम से 'लेखक कुटीर' नाम की तख्ती सजी होगी। प्रकृति के आँचल में नाना प्रकार के फूलों की सुगन्धित खुशबू पूरे परिसर को सकारात्मक ऊर्जायुक्त तरंगों से महका देगी। अध्ययन, लेखन और जीवन को जीवंत बनाने के लिए 'लेखक कुटीर' में निवास कर रहे लेखकों को यथासम्भव सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संरक्षक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# परंपराओं के साथ पर्यावरण की भी लें सुध

विजय गर्ग

**जैसे-जैसे** दिवाली पास आ रही है, उसकी तैयारी तेज होती जा रही है। पर, उसके साथ ही एक चिंता भी गहराती जा रही है कि इस बार भी प्रदूषण का स्तर कितना बढ़ जाएगा ? प्रदूषण के इस फिक्र को अचानक से फुर्र तो नहीं किया जा सकता है, पर उसे कम करने की ओर समझदारी भरे कदम जरूर बढ़ाए जा सकते हैं। इसके लिए आपको दिवाली मनाने के तरीके और मिजाज दोनों में बदलाव करने होंगे। और इसकी शुरूआत आपको अपने घर से करनी होगी: दीया से जगमग करें घर हम शॉर्टकट में इतना ज्यादा विश्वास करते हैं। कि दीये के भी विकल्प खोज चुके हैं। मोमबत्ती, दीये जैसी दिखनी वाली लाइटें अब हमारी दिवाली को रोशन करने लग गई हैं। पर, क्या कभी सोचा है कि हम सरसों के तेल के दीये क्यों जलाते थे? छोटे से ये दीये सिर्फ रोशनी नहीं देते हैं बल्कि प्रदूषण, कीट पतंगों को भी भगाते हैं। नैचुरोपैथ डॉ. राजेश मिश्र की मानें तो सरसों के तेल में मैग्नीशियम, ट्राइग्लिसराइड और एलिल आइसोथियोसाइनेट होता है। एलिल कीट- पतंगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दीपक के पास आपने सफेद कण जमा देखे होंगे, जो तेल के मैग्नीशियम के कारण मुमकिन हो पाता है। विषैले तत्व भारी होकर जमीन पर आ गिरते हैं, हवा हल्की हो जाती है और हम आसानी से सांस ले पाते हैं। आप मिट्टी के दीयों के साथ ही गाय के गोबर से बने दीयों को भी प्रयोग कर सकती हैं, जिनको जलाने के बाद आप आप पेड़ों में खाद के तौर पर भी प्रयोग कर सकते हैं। प्राकृतिक चीजों का करें प्रयोग बिना सजावट दिवाली की कल्पना करना थोड़ा मुश्किल सा है। पर, इको-फ्रेंडली दिवाली मनाने के लिए इस बार अपनी सजावट में प्रकृति के रंगों को ज्यादा से ज्यादा भरने की कोशिश कीजिए। प्लास्टिक के आर्टिफिशियल फूलों और बंदनवार की जगह घर के दरवाजे को ताजे फूलों की लड़ियों और फूल-पत्तियों के बंदनवार से सजाइए। आप घर की सजावट के लिए गुलाब का प्रयोग कर सकते हैं। यह मन को शांत करने के साथ ही तनाव भी दूर करेगा। चमेली सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करती है।

## चिल्लाने वाला झगड़ा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**गाँव के** चबूतरे पर सुबह-सुबह बड़ा जमघट लगा था। सूरज बस उगने ही वाला था, और वहीं पास में पान की दुकान पर कुछ लोग चाय-पान के साथ बैठे गप मार रहे थे। तभी रामदीन काका जो कि हमेशा अपनी राय देने में सबसे आगे रहते थे, गरजते हुए बोले, "ए बबुआ, ये का हो रहा बा?" सामने कुछ बच्चे मिट्टी से खेल रहे थे और एक बच्चा जोश में जोर-जोर से चिल्ला रहा था। रामदीन काका ने नाक सिकोड़ते हुए पूछा, "ए बबुआ, काहे चिल्ला रहे हो इते जोर से?" "चिल्ला रहे हैं ताकि सब सुने कि हम गड़या वाला खेल जीत गए!" बच्चा मुस्कुराते हुए बोला, मानो कोई बड़ा वीरता का काम कर दिया हो। "अरे बेटा, ये तो खेल है। लेकिन चिल्लाके काहे गला फाड़ रहे हो? गांव में चुनाव थोड़े ही हो रहा बा!" काका ने हंसते हुए कहा। काका ने यह सुनना था कि वहां और लोग भी आ जुटे। "रामदीन काका, ई आजकल के बचवा लोगन के तो कुछ समझ में ही नाहीं आवत बा! बस गला फाड़के बात करना जानत बा!" पास में बैठे मुन्ना चाचा भी चुटकी लेते हुए बोले। बच्चा एक पल को चुप हो गया, फिर कुछ सोचकर बोला, "काका, हम चिल्ला रहे हैं ताकि लोग सुने, नहीं तो हमरी जीत का मतलब का?" "मतलब!" रामदीन काका ने आंखें चौड़ी करते हुए कहा, "अरे बेटा, जीतवा चिल्लाके नहीं, खेलके होल करेला! इज्जत चिल्लाने से नाहीं मिलेला, मेहनत से मिलेला।" "मेहनत करब, काका! पर जब तक लोग देखेगा नाहीं, तब तक मेहनत के का मतलब?" बच्चा अड़ गया। अब तक गांव के बाकी लोग भी चबूतरे पर जमा हो चुके थे। हर कोई इस चिल्लाने के मुद्दे पर अपनी राय देने को तैयार था। कोई कहता, "बच्चा सही कहत बा, आजकल तो चिल्लाओ तबे लोग सुनता बा!" तो कोई कहता, "अरे! चिल्लाने से कुछ नाहीं होत बा, बस हंगामा खड़ा होत बा!" तभी गांव के बुजुर्ग मथुरा पंडित भी अपनी लाठी टेकते हुए चबूतरे पर पहुंचे। उनका मानना था कि वो हर समस्या का हल जानते थे। आते ही बोले, "अरे, इ का हो रहल बा, सब के सब इहां काहे जुटल बा?"

## न्यूज फ्लैश

### सत्तर वर्षीय त्रिलोक चंद इन्सां बने युवाओं व बुजुर्गों के लिए प्रेरणास्रोत



**बापौली, (कमाल हुसैन )** मंजिल उन्ही को मिलती है जिनके सपनो मे जान होती है,पंखो से कुछ नही होता हौसलो से उडान होती है इस कहावत को सार्थक सिद्ध कर दिखाया सनौली खुर्द निवासी सत्तर वर्षीय त्रिलोक चंद इन्सां ने । जिस उम्र मे लोग चारपाई से भी नही उठ पाते और वे रेस लगा कर पहला स्थान हासिल करते है, आज फिर उन्होंने पानीपत मेराथन की पांच किलोमीटर सीनियर सिटीजन मे दोडकर अपना लोहा मनवाया है व प्रथम स्थान पर रह कर सभी को आचम्भित किया इससे पहले भी जैसा की ज्ञात है की वेदांता दिल्ली आफ मेराथन 2024 अन्तरराष्ट्रीय रेस की सीनियर सिटीजन रेस 2.5 किलोमीटर रेस की प्रतियोगिता को पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल हासिल किया था इस बार भी खबर मिलते ही समस्त ग्रामवासियो मे खुशी का माहौल छा गया तथा परिवार को बधाई देने वालो का तांता लग गया त्रिलोक चंद इन्सां ने बताया की वह एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे तथा अपना जीवन भी खेती करते हुए यापन करते है उन्होंने अपनी सेहत का राज नशे से दूर रहना ,सरल खाना व प्रतिदिन व्यायाम के साथ दौडने का अभ्यास करना व लगातार साईकिल चलाना बताया उन्होंने ये भी बताया की उनके परिवार तीन बेटे व एक बेटी सभी शादीशुदा व सभी को उच्चतम शिक्षा प्राप्त कराई है। इस उम्र मे खेलो मे भाग लेन के बारे मे पूछने पर उन्होंने बताया की उनका परिवार 1984 से डेरा सच्चा सौदा सिरसा से जुडा हुआ है और वे पूज्य गुरु संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा से मानवता की राह पर चलते हुए 37 बार रक्तदान भी कर चुके है इसका श्रेय भी वे उन्ही को देते है और इस उम्र मे खेलो मे भाग लेने के लिए भी गुरु जी से प्रेरित होकर अभ्यास कर इवेंट मे भाग लेते रहते है इन्होंने सभी से खेलो मे भाग लेने की अपील की है जिससे स्वास्थ्य ठीक रहता है।मेराथन मे जीतने पर भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता व्यास ने भी बधाई दी है।अवसर पर पवन,कृष्ण फौजी,दिनेश जोगी,शिववरण व्यास, रमेश,सतबीर ,राधेश्याम,यामीन, दिनेश व्यास आदि के साथ बहुत बडी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।

### श्री दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाए जाएगें हनुमान जन्मोत्सव दीपावली एवं अन्नकूट महोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव दीपावली एवं अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रबंधक विजय कुमार शर्मा व पुजारी डा. हिमांशु शर्मा ने बताया कि मंदिर के संरक्षक एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं.प्रेम कुमार शर्मा के सानिध्य में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ, 56 भोग प्रसाद एवं विशाल भंडारा हनुमान जन्मोत्सव पर "बुधवार 30 अक्टूबर 2024" को होगा इससे पूर्व सुबह 7 बजे हनुमान जी का श्रृंगार एवं गणवेश धारण होगा, 7:30 बजे ध्वजारोहण, 8 बजे खिचड़ी-चाय-मिष्ठान का जलपान, 10:00 बजे सुंदरकांड पाठ आरंभ होगा, दोपहर 12 बजे 56 भोग प्रसाद एवं 12:30 बजे विशाल भंडारा होगा "02 नवंबर 2024 शनिवार को अन्नकूट दोपहर 12 बजे" विशाल भंडारा होगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

# प्रदेश के गीत-संगीत, कला-संस्कृति को लेकर युवा पीढ़ी का अद्भुत संगम है रत्नावली: नायब

**रत्नावली ने प्रदेश की संस्कृति को सहेजने का किया काम, अब 34 विधाओं में 3 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं दिखा रहे हैं अपनी प्रतिभा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली महोत्सव प्रदेश के गीत संगीत, कला, संस्कृति को लेकर युवा पीढ़ी को जोड़ने का एक अद्भुत संगम है। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, कौशल विकास, खेल, कला, संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित 4 दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा



डीडी, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने शिल्प मेले का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को दीपावली सहित सभी त्योहारों की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश हमेशा शाश्वत ज्ञान परम्परा, सम्पन्नता और योद्धाओं की वीरता का प्रमुख केन्द्र रहा है। वैदिक काल से ही इस प्रदेश की सांस्कृतिक सम्पन्नता के साक्ष्य उपलब्ध हैं। इस वैदिक काल की संस्कृति और संस्कारों को रत्नावली महोत्सव सहेजने का काम कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, ज्ञान-विज्ञान,

**अग्रणी**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है: सीएम**

अनुसंधान, कौशल विकास, खेल, कला, संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। देश में ऐसे कम ही विश्वविद्यालय हैं जो शिक्षा के साथ-साथ अपने क्षेत्र व देश की संस्कृति को सहेजने का काम कर रहे हैं। रत्नावली महोत्सव हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अनूठा प्रयास है। पिछले 37 वर्षों से इस विश्वविद्यालय में रत्नावली

## निबंध प्रतियोगिता के लिए 10 विद्यार्थियों का हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में किया गया जिसमें 45 विद्यालयों के 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में कक्षा नौवीं से 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करना, रचनात्मक वैज्ञानिक लेखन प्रतिभा की खोज करना, विज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सामाजिक प्रासंगिकता के संदर्भ में विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को समझना, विज्ञान शिक्षा के लिए प्रभावी रणनीति विकसित करना तथा विद्यार्थियों को लेखन के माध्यम से विज्ञान के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने के लिए किया जाता है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जो राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मथाना की छात्रा खुशी, विज़डम वर्ल्ड स्कूल कुरुक्षेत्र की छात्रा असमी कौशिक, सैनी पब्लिक स्कूल की छात्रा अदिति, श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल की छात्रा सोफिया, अत्याइन पब्लिक स्कूल से प्रियांशु सैनी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेहेवा से गुरप्रीत कौर, अग्रसैन पब्लिक स्कूल से स्तुति गर्ग, गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर से सारिका सैनी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर से उर्वशी तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी से निश्चल का चयन किया गया है।

### खालसा कालेज में दीपावली के उपलक्ष्य में हुई रंगोली प्रतियोगिता

**यमुनानगर।** गुरुनानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में शिक्षा विभाग ने दिवाली और अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें बीएड विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सोमवार को कालेज प्राचार्य डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने विद्यार्थियों के समक्ष विकास में ऐसी गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. हरिंदर सिंह कंग और शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. जगत सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामीण विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से सोशल आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों को आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने तथा देश के निरंतर विकास के लिए इन उन्नत उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला के 40 विद्यार्थियों के पहले बैच के साथ हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. हुमिरा सोन्हा और



डॉ. रुपेश देशमुख ने एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला के विद्यार्थियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। तत्पश्चात विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत रूप से सोयाबीन, धान और ककड़ी की पत्तियों से डीएनए निकाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की घोषणा भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा की गई थी। यह कार्यक्रम 25 सप्ताह तक चलेगा, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र प्रत्येक सप्ताह भाग लेंगे। इस

**प्रशिक्षण**

**देश के निरंतर विकास के लिए इन उन्नत उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया**

कार्यक्रम का उद्देश्य एक हजार ग्रामीण विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। आयोजन में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के शोधकर्ता डॉ. श्रीजा सुधाकरन, मुकेश मेघवाल, पवन कुमार, बादल महाकालकर, प्रगति, सागर जंजल, गोपिका मोते ने स्कूली विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### क्लिक किया तो खाते से उड़े एक लाख

**जींद।** जींद के गांव छातर निवासी उपभोक्ता मंत्रालय कर्मचारी को मोबाइल पर गैस का बिल भरने का मैसेज आया। इस पर क्लिक करते ही उसके बैंक खाते से एक लाख रुपये कट गए। साइबर थाना पुलिस ने रविवार देर रात अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में उचाना क्षेत्र के गांव छात्तर निवासी जोगेंद्र ने बताया कि वह उपभोक्ता मंत्रालय दिल्ली में नौकरी करता है। फिलहाल वह दिल्ली में ही हनुमान नगर में रहता है। वहां पर उसने आइजीएल गैस पाइपलाइन का कनेक्शन लिया हुआ है। हर माह इसका बिल आइजीएल कंपनी द्वारा भेजे गए लिंक के जरिये ही भुगतान करता है। 15 तारीख को उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप लिंक प्राप्त हुआ। यह मैसेज बिल्कुल वैसा ही था, जिस तरह आइजीएल कंपनी से आता है। उसके कुछ देर बार काल आई और कहा कि गैस का बिल अपडेट कर लें। उसने मोबाइल फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक किया। इसके बाद फोन पे पर जाकर बैलेंस चेक किया तो उसके खाते से 95 हजार एक बार, पांच हजार रुपये दूसरी बार कट गए। उसके बाद उसका फोन हैंग हो गया और उसने काम करना बंद कर दिया। उसने तुरंत मोबाइल स्विच आफ कर के इसकी सिम बाहर निकाल दी। कुछ देर बाद दोबारा से मोबाइल फोन प्रयोग किया। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## जी.वी. एम इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**जी.वी.** एम इंटरनेशनल स्कूल मॉडल टाउन में एजुकेशनल ट्रिप गुड़गांव लोहागढ़ का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से कक्षा 12वीं तक के बच्चे प्रतिभागी रहे' लोहागढ़ पुरानी यादों का संगम है शुद्ध देसी शैली में डिजाइन किया गया और स्थानीय शिल्प के साथ उत्कृष्ट रूप से सजाया गया है हरियाणा और राजस्थानी संस्कृति देखने का बहुत ही अच्छा स्थान है इसके साथ यहां बच्चों ने लोक संगीत



,नृत्य के साथ-साथ भोजन का आनंद लिया यहां एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण का अनुभव किया गया 'लोहागढ़ में नाश्ता, दोपहर का भोजन और सभी न्यूनतम गतिविधियां शामिल है स्वादिष्ट नाश्ते के साथ मिट्टी के चूल्हे पर पकाया गया असाधारण भोजन का बच्चों ने आनंद उठाया साथ ही वहां के

**गतिविधियां**

**सामुदायिक विकास से लेकर व्यावहारिक अनुभव से छात्रों के अंदर निहित गुणों का विकास होता है**

शिल्पकारों व रसोई घर के लोगों से बातचीत करने का मौका मिला और साथ ही बच्चों ने ऊंट की सवारी, तीरंदाजी ,ट्रैक्टर चलाना, कठपुतली नृत्य आदि गतिविधियों में शामिल हुए ' स्कूल निदेशक राधेश्याम जांगड़ा ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में छात्रों को सफलता पाने के लिए केवल किताबों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है ' ट्रिप पर जाने की खुशी बच्चों के उत्साह से दिख रही थी' इससे छात्रों ने अलग-अलग योजनाओं का अनुभव प्राप्त किया तथा इससे बच्चों में सामुदायिक विकास से लेकर व्यावहारिक अनुभव से छात्रों के अंदर निहित गुणों का विकास होता है' अलग-अलग भाषाएं व संस्कृति सिखने का अवसर मिलता है।

## पुलिस की पाठशाला द्वारा किया जा रहा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से महिला पुलिस थाना नारायणगढ़ ने सरकारी स्कूल नारायणगढ़ व दुर्गा शक्ति टीम अम्बाला शहर ने कलगीधर हाई स्कूल अम्बाला शहर में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महिला पुलिस थाना नारायणगढ़ ने महिला सुरक्षा/साईबर अपराध बारे जानकारी दी व डायल 112 एप्प



बारे छात्राओं/शिक्षको को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं/महिलाओं/शिक्षको को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, सुनिश्चित करके डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस, साईबर अपराध व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना है।

### डेयरी में घुसकर महिला का पर्स चुराया, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**फतेहाबाद।** शहर के गुरूनानकपुरा मोहल्ला में बाइक पर आए तीन युवक एक दूध डेयरी से हजारों की नकदी चोरी कर फरार हो गए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और युवकों की तलाश शुरू कर दी है। यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस युवकों की तलाश कर रही है। सोमवार को पुलिस को दी शिकायत में गुरूनानकपुरा मोहल्ला निवासी सुदेश रानी ने कहा है कि वह अकेली अपनी दूध डेयरी पर बैठी थी। इसी दौरान तीन युवक डेयरी पर आए थे। इनमें से दो युवक दुकान के अंदर आ गए जबकि एक युवक बाहर मोटरसाइकिल पर बैठा रहा।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए कौशल जरूरी: गुलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे रत्नावली महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता एवं केयू के पूर्व छात्र गुलाब सिंह सैनी ने कहा कि युवाओं में यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो उनमें कोई न कोई कौशल जरूर होना चाहिए क्योंकि आज भारी संख्या में विदेशों में जा रहा है। विदेश में वहीं छात्र कामयाब होता है जिसमें कोई न कोई हुनर होता है। इसलिए, विदेश जाने से पहले प्रत्येक बच्चे को किसी न किसी कौशल में अपने आप को पारंगत होना चाहिए। यदि आपके अंदर कौशल है तो आप अपने देश में ही तरक्की कर सकते



हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचने पर युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला व निदेशक लोक सम्पर्क विभाग प्रो. महासिंह पूनिया ने उनका स्वागत किया। उन्होंने क्राफ्ट मेले का अवलोकन कर युवा कलाकारों व उद्यमियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि उन्हें यह देखकर अच्छा लगा कि विश्वविद्यालय हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय काम कर रहा है।

**रत्नावली**

**युवाओं में यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो उनमें कोई न कोई कौशल जरूर होना चाहिए**

रत्नावली महोत्सव जहां विश्वभर में हरियाणवी संस्कृति के महाकुम्भ के रूप में जाना जाता है वहीं युवाओं के कौशल को आगे बढ़ाने और उन्हें एक मंच प्रदान करने में इस महोत्सव का योगदान बहुमूल्य है। कार्यक्रम में पहुंचने पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विशिष्ट अतिथि गुलाब सिंह सैनी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**सतगुरु** माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी निरंकारी परिवार का 77वां वार्षिक संत समागम 16, 17 एवं 18 नवंबर को आयोजित होने जा रहा है। आध्यात्मिकता का आधार लिए इस समागम पर प्रेम, शांति और एकत्व का सन्देश दिया जाता है, जो निसंदेह समस्त मानवता के कल्याण के लिए होता है। सर्वविदित है कि इस संत समागम की भव्यता केवल इसके क्षेत्रफल से रेखांकित नहीं होती, बल्कि यहाँ देश-विदेश से पधारने वाले लाखों श्रद्धालु भक्तों के भावों से इंगित होती है। निरंकारी संत समागम



मानवता का एक ऐसा दिव्य संगम होता है जहां धर्म, जाति, भाषा, प्रांत और अमीरी-गरीबी आदि के बंधनों से ऊपर उठकर सभी मर्यादित रूप से प्रेम और सौहार्द के साथ सेवा, सुमिरण और सत्संग करते हैं। यह उसी सन्देश का अनुसरण है जो सभी संतों, पीरों और गुरुओं ने समय-समय पर दिया है। इस तीन दिवसीय संत समागम में भक्ति के अनेक पहलुओं पर गीत, विचार और कविताओं आदि के माध्यम से भक्त अपने शुभ भाव प्रकट करेंगे। सतगुरु माता जी और निरंकारी राजपिता जी के प्रवचनों का अनमोल उपहार भी सभी को प्राप्त होगा। इस वर्ष सतगुरु माता जी ने समागम का विषय दिया है- 'विस्तार, असीम की ओर'।

**समागम**

**लंगर, कैंटीन, प्रकाशन और ऐसी अनेक सुविधाएँ सुचारु रूप से चल रही हैं**

निरंकारी संत समागम के विशाल रूप को प्रभावशाली और सुचारु रूप से आयोजित करने के लिए निरंकारी मिशन के भक्त एवं सेवादार देश के कोने-कोने से महीनों पहले ही आकर अपनी निष्काम सेवाएं समर्पित करते हुए तैयारियों में जुट जाते हैं। समागम सेवाओं का यह दृश्य अपने आप में अत्यंत प्रेरणादायक और मनोरम होता है। इस वर्ष भी देखा गया कि प्रातः से ही सेवाएं प्रारम्भ हो जाती हैं जहाँ हर आयु-वर्ग के नर-नारी अनेक प्रकार की सेवाओं को सरंजाम दे रहे हैं। सेवादारों के हाथों में मिट्टी के तसले होते हैं और जुबान पर भक्ति भाव से भरे मधुर गीत। कहीं जमीन को समतल किया जा रहा है तो कहीं टेंट लगाए जा रहे हैं। सेवादल की वर्दी में भी नौजवान भाई- बहन अपने अधिकारियों के निर्देशानुसार ग्राउंड पर अनेक प्रकार की सेवाओं में रत हैं। लंगर, कैंटीन, प्रकाशन और ऐसी अनेक सुविधाएँ सुचारु रूप से चल रही हैं, जिनका रूप आने वाले दिनों में और विशाल होता चला जायेगा। देखने में जो सामाजिक गतिविधि लग रही है, उसका आधार पूर्णतः आध्यात्मिक है।

## कला कीर्ति भवन में कुरुक्षेत्र मनमोहक संगीत संध्या आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज कला कीर्ति भवन में प्रतिबद्ध प्रयास, कुरुक्षेत्र द्वारा एक मनमोहक संगीत संध्या "दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा" का आयोजन किया गया। यह स्वर तरंग का 7वां वार्षिक समारोह था। ट्राइसिटी और हरियाणा के 20 गायकों ने भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। यह कार्यक्रम दिग्गज इंदीवर, तलत महमूद, मदन मोहन, मोहम्मद रफी और राज कपूर की शताब्दी जयंती को समर्पित था। कुछ गानों में आरपी सैनी और श्वेता ढिल्लों द्वारा कभी तेरा दामन ना




छोड़ेंगे हम, मिस्टर रोशनलाल द्वारा मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा, डॉ. एसएस प्रसाद और रंजू प्रसाद द्वारा तेरे पास आके मेरा वक्त, सुखबीर सिंह और वनीश्री द्वारा यूंही तुम मुझसे बात करती हो, जसप्रीत जस्सल द्वारा मै री मैं कासे कहूं पीर, पंकज द्वारा इक हसीन शाम को, अगर मुझसे मो शामिल हैं अपूर्व द्वारा हब्बत है, श्री जगदीप ढांडा द्वारा राही था मैं आवारा, दीपक कौशिक द्वारा जीना यहां मरना यहां और भी बहुत कुछ।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने अपनी रीजनल ओटीटी पेशकश को बनाया सशक्त

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदता वी ने आज टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म सननेक्स्ट के साथ नई साझेदारी की घोषणा की है, जो सात भाषाओं- तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड, बंगाली, मराठी और हिंदी में दक्षिण भारतीय ब्लॉकबस्टर फिल्मों, एक्सक्लुजिव सीरीज, टीवी शोज, लाईव टीवी आदि की समृद्ध लाइब्रेरी लेकर आएगा। सननेक्स्ट के प्रीमियम कंटेंट को अब बिना किसी अतिरिक्त लागत के रु 248 और रु 154 प्रति माह पर क्रमशः वी मुवीज एण्ड टीवी प्लस और लाईट पैक में शामिल किया गया है। इस एडीशन के साथ यूजर अन्य टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे डिजनी प्लस हॉटस्टार, सोनीलिव, जी5, मनोरमा मैक्स आदि के साथ सननेक्स्ट का एक्सेस पा सकेंगे। वी मुवीज एण्ड टीवी प्लस पैक के द्वारा उपभोक्ता ओटीटी सब्सक्रिप्शन्स पर बचत के फायदे पा सकेंगे, साथ ही उन्हें अलग-अलग सब्सक्रिप्शन लेने और हर ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए अलग से भुगतान करने के झंझट से भी छुटकारा मिल जाएगा। हाल ही में फिक्की-ईवाय द्वारा जारी एक अध्ययन के अनुसार 2023 में रीजनल ओटीटी कंटेंट वॉल्युम 52 फीसदी था जबकि हिंदी भाषा का कंटेंट 48 फीसदी पर था। ये आंकडे ब़ड़ी संख्या में दर्शकों को लुभाने के उद्देश्य से नेशनल ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर क्षेत्रीय भाषा के कंटेंट के बढ़ते महत्व को दर्शाते हैं। वी अपने उपभोक्ताओं को प्रीमियम रीजनल ओटीटी पेशकश उपलब्ध कराने तथा इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए अधिक से अधिक दर्शकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वी मुवीज एण्ड टीवी पोर्टफोलियो को उपभोक्ताओं की विभिन्न पसंद को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है जैसे बंगाली कंटेंट के लिए क्लिक, पंजाबी कंटेंट के लिए चौपाल, मलयालम के लिए मनोरमा मैक्स तथा कन्नड कंटेंट के लिए नम्माफ्लिक्स।

### मेडिकाबाजार ने वित्त वर्ष 25 में रु 2,000 करोड़ की बिक्री का लक्ष्य रखा

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी बी2बी हेल्थकेयर खरीद और आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता मेडिकाबाजार ने अपनी संशोधित मेडिकाबाजार 2.0 रणनीति के तहत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। कंपनी वित्त वर्ष 25 के अंत तक रु 2,000 करोड़ का वार्षिक आवर्ती राजस्व (एआरआर) प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस प्रक्रिया में विकास की गति को तेज करने और निकट-अवधि लाभप्रदता को संतुलित करने पर जोर दिया जा रहा है। मेडिकाबाजार 25,000 से ज्यादा स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) के साथ एक डिजिटल मार्केटप्लेस प्रदान करता है जो 900 से ज्यादा शहरों तक फैला हुआ है। इसमें 600 जिलों को कवर करने वाली एक ऑन-ग्राउंड टीम भी है, जो



उच्च-स्तरीय चिकित्सा तकनीक और उपभोग्य सामग्रियों पर ध्यान केंद्रित करती है, साथ ही बड़े अस्पतालों के लिए तैयार तकनीक-संचालित सप्लाई चैन मैनेजमेंट से संबंधित सॉल्यूशंस भी हैं।

मेडिकाबाजार के ग्रुप सीईओ दिनेश लोढ़ा के अनुसार, चिकित्सा से संबंधित सामग्री की सप्लाई के लिए भारतीय बाजार का मूल्य 12 बिलियन डॉलर है और वैश्विक अवसर 500 बिलियन डॉलर के हैं, ऐसे में हम महत्वपूर्ण विकास अवसरों को हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। मेडिकाबाजार 2.0 के साथ हमारा प्राथमिक ध्यान डिजिटल प्लेटफॉर्म व्यवसाय पर अधिक जोर देने के साथ विकास और लाभप्रदता दोनों को आगे बढ़ाने पर है। कंपनी रणनीतिक पहलों के माध्यम से 30-40 प्रतिशत की वृद्धि को लक्षित कर रही है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय विस्तार और चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों और इन विट्रो डायग्नोस्टिक्स (आईवीडी) सेगमेंट्स में निजी लेबल की शुरूआत शामिल है।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़ेंगे स्कूल व खेल विभाग के 500 खिलाड़ी

### शिवाजी स्टेडियम में सुबह 7 बजे होगी रन फॉर यूनिटी

**तैयारी**

**▶▶ दिवाली पर्व के दृष्टिगत आयोजन 31 की बजाय 29 अक्टूबर को शिवाजी स्टेडियम में किया जा रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**एसडीएम** ब्रह्मप्रकाश ने सोमवार को दोपहर बाद जिला सचिवालय में शिक्षा विभाग, राजस्व, पंचायत, खेल विभाग व कई अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर 29 अक्टूबर मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया व अधिकारियों को कुछ जिम्मेदारियां भी सौंपी हैं। एसडीएम ने बताया कि 31 अक्टूबर को लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार दिवाली पर्व के दृष्टिगत यह आयोजन 31 की बजाय 29 अक्टूबर को शिवाजी स्टेडियम में किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एसडीएम ने बताया की इस उपलक्ष्य में दो किलोमीटर की लडके व लड़कियों की दौड़ आयोजित की जा रही है यह दौड़ सवेरे 7 बजे शिवाजी स्टेडियम से प्रारंभ होकर गोल चक्कर से होती हुई वापस शिवाजी स्टेडियम में संपन्न होगी। कार्यक्रम में पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद विज बतौर मुख्य अतिथि रूप भाग लेंगे। रन फॉर यूनिटी में 500 के करीब लडके लड़कियां एक साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए बैनर लेकर दौड़ेंगे। एसडीएम ने बताया कि इसमें 500 के करीब शिक्षा व खेल विभाग के प्रतिभागी भाग लेंगे एसडीएम ने बताया की जहां-जहां से दौड़ते हुए प्रतिभागी गुजरेंगे उस जगह पर सफाई की व्यवस्था की गई है। पानी का छिडकाव किया गया है ताकि धावकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो एंबुलेंस भी लगाई जाएगी व दमकल और पुलिस विभाग की गाडियां भी मौजूद रहेगी। प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट भी दिया जाएगा। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, तहसीलदार वीरेंद्र गिल, नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा, नीरज, बीईओ बिजेंद्र हुड्डा, एथलीट कोच महिपाल व सुपरिटेंडेंट सतबीर के अलावा कई अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कैंडल व दीप डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**सनातन** धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अन्य प्रतिभावों को निखारने के लिए दीपावली के पावन अवसर पर कैंडल व दीप डेकोरेशन नर्सरी से पांचवी तथा तोरण मेकिंग प्रतियोगिता छठी से बारहवीं कक्षा के लिए आयोजित की गई , जिसमें विद्यालय की सभी कक्षाओं से 250 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि दिवाली के दिन पर्यावरण को बचाने के लिए पटाखे न जलाकर ,घर पर सरसों के तेल के दिए लगाने है. विद्यालय के प्रबंधक फकीरचंद ने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है इसके लिए हम सबको अधिक मात्रा में पेड़ पौधे लगाने चाहिए। इस कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की और उन्होंने बच्चों को स्कूल में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**पर्यावरण**

**▶▶ बच्चों को स्कूल में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया**

# पराली जलाने पर केस दर्ज होने से खफा किसानों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** पराली जलाने के नाम पर किसानों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने, मण्डियों में फसलों की हो रही लूट के खिलाफ और डीएपी की कमी दूर करने की मांग को लेकर किसानों ने सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया। धरने पर बैठे किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। धरने की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने की। धरने के बाद प्रदर्शन करते हुए किसान उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और डीसी को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। किसान सभा प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि डीसी ने उन्हें पराली के मामले में मुकदमें दर्ज न करवाने का आश्वासन दिया और कहा कि प्रशासन का किसानों को समझाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने डीएपी खाद को लेकर पर्याप्त व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। धरने को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि धान के सीजन में प्रदूषण का सारा दोष किसानों के सिर मढ़ा जा रहा है।

# प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया

**पर्यावरण संदेश**

**▶▶ अध्यापिका अंजू और पुनीत ने विद्यार्थियों को प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पर्यावरण का महत्व समझाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
हरे **कृष्णा इंटरनेशनल** स्कूल, गढ़ी छाजू रोड़,समालखा की ओर से प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में इको क्लब की ओर से अध्यापिका अंजू जलवाल और पुनीत ने विद्यार्थियों को प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पर्यावरण का महत्व समझाया इसके पश्चात नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 'जल बचाओ, विद्युत बचाओ व प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाओ' का संदेश दिया। लैंग्वेज क्लब की तरफ से जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने भी लघु नाटिका द्वारा प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का संदेश दिया। तत्पश्चात मैरीगोल्ड सदन की छात्रा निशिका ने सभी को पर्यावरण स्वच्छता हेतु शपथ दिलवाई।मंच-संचालन हैंड गर्ल प्राची रूहल ने किया। स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा व प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की सराहना की तथा प्रधानाचार्या ने भी अपने वक्तव्य में 'ग्रीन इंडिया,क्लीन इंडिया' का संदेश देते हुए प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाए रखने को कहा तथा सभी से आश्वासन लिया कि वे आज से ही पर्यावरण स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान रखेंगे।तत्पश्चात समालखा में (रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड के निकट) तथा गांव डिकाडला में नुक्कड़ नाटक सहित जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने संदेश देते हुए बताया कि पृथ्वी पर प्रदूषण का सर्वोपरि कारण हमारी स्वार्थपरता है। हमारे द्वारा भौतिक साधनों के आकर्षण के कारण प्रकृति का दोहन हो रहा है । हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से प्रकृति में आई अनियमितता में काफी सुधार हो सकता है।

उन्होंने लोगों से पटाखे न चलाने का भी आग्रह किया। अधिकतर लोगों ने हरे कृष्णा स्कूल द्वारा किए इस प्रयास की सराहना की तथा विश्वास दिलाया कि वह पटाखे रहित दिवाली मनाकर पर्यावरण को प्रदूषण रहित बनाने में अपना सहयोग देंगे।

# प्योंत टोल प्लाजा पर छूट को लेकर हुई मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा से दिल्ली ड्यूटी के लिए जा रहे एक युवक और उसके भाई से प्योंत टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा न केवल अभद्र व्यवहार किया गया, बल्कि उनके साथ जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित अपने चचेरे भाई के साथ दिल्ली की तरफ जा रहा था। रास्ते में प्योंत टोल प्लाजा पर चचेरे भाई ने अपनी ड्यूटी का कार्ड दिखाकर टोल में छूट की बात कही, मगर टोल कर्मी ने उनके आइडी कार्ड को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने फास्टटैग रिचार्ज करवाया, लेकिन टेक्निकल कारणों से भुगतान नहीं हो पाया। इसके बाद टोल कर्मियों ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया और हमला कर दिया। पीड़ितों ने घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल में अपना मेडिकल करवाया और मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



निसिंग की वार्ड नंबर 8 दरबारा कॉलोनी के निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह अपने चचेरे भाई अमित के साथ दिल्ली जा रहा था। वह गाड़ी में था, बहस के दौरान अमित ने टोल कर्मी को गाली देने से मना किया। जिस पर टोल कर्मियों ने न सिर्फ अभद्रता की बल्कि उसे गाड़ी से खींचने की भी कोशिश की। झगड़ा बढ़ता देख सुमित ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन टोल कर्मियों ने झगड़ा बढ़ा दिया। इसी दौरान एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार को टोल कर्मियों ने विवाद के बावजूद छूट दे दी, जिससे विवाद और अधिक बढ़ गया। सुमित ने आरोप लगाया कि टोल कर्मियों ने लोहे की रॉड बैरिकेड और बड़े ईंट-पत्थरों से जानलेवा हमला किया।

**हमला**

**▶▶ प्योंत टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा न केवल अभद्र व्यवहार किया गया, बल्कि जानलेवा हमला किया**

# काछवा नहर के पुल पर बेकाबू गाड़ी डिवाइडर से टकराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के काछवा रोड स्थित नहर के पुल पर एक गाड़ी बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि गाड़ी के परखचे उड गए। वहीं गाड़ी में सवार सोनीपत निवासी दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर अवस्था में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज लेकर जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 21 वर्षीय प्रशांत व 17 वर्षीय साकेत निवासी बजाना गांव जिला सोनीपत के रूप में हुई है। दोनों ही सगे भाई थे और अभी पढ़ाई कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि



आज ही दोनों भाई गांव से करनाल में अपने ताऊ व पिता रोशन के पास दीपावली का पर्व मानने के लिए आए थे। पिता करनाल में ही एक स्कूल में शिक्षक है और ताऊ जिले जेल में पुलिस कर्मी है।

परिजनों ने बताया कि दोनों भाई पहले बाइक पर बाइक पर अकादमी में गए थे। उसके बाद कुछ सामान लेने के लिए वह अकादमी से काछवा की तरफ जा रहे थे, लेकिन जैसे ही नहर के पुल पर पहुंचे तो गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी डिवाइडर में जा टकराई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जब यह हादसा हुआ तो गाड़ी की रफ्तार बहुत ज्यादा थी, जिससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ा और बाद में डिवाइडर से टकराई।

# यमुनानगर-जगाधरी स्टेशन पर व्यक्ति का शव मिला

**यमुनानगर।** यमुनानगर-जगाधरी रेलवे स्टेशन पर पुराने आरक्षण कार्यालय के पीछे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे की शिनाख्त के लिए ट्रामा सेंटर के शवगृह में रखवा दिया गया। फिलहाल पुलिस शव की पहचान करने में जुटी है। सोमवार को यह जानकारी देते हुए राजकीय रेलवे पुलिस के सब इंस्पेक्टर बोधराज ने बताया कि आज दोपहर 12 बजे के करीब स्टेशन मास्टर के कार्यालय से सूचना मिली की पुराने रिजर्वेशन कार्यालय के पीछे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।

# विश्व शान्ति के लिए हवन-यज्ञ, रक्त दान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन) :**
**गोला** खेड़ा गांव के पास गोगामेडी पर साधु संतों द्वारा हवन यज्ञ व भंडारे के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के ग्रामीणों सहित सैकड़ों की संख्या में साधु संतों ने भाग लिया। इस दौरान स्वामी शक्ति गिरी ने बताया कि उनका यह 11वां विशाल भंडारा है जिसका आयोजन करने के लिए वह हर वर्ष ऋषिकेश से आते हैं और उक्त भंडारे का लक्ष्य विश्व में शांति स्थापित करना और युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देना है स्वामी शक्ति गिरी ने बताया कि उनके द्वारा हर वर्ष रक्तदान कैम्प भी आयोजित किया



जाता है और साथ ही युवाओं को नशे के प्रति भी जागरूक किया जाता है, इस बार 32 वा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है इससे पहले वो पंजाब, हरिद्वार सहित कई जगहों पर रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं, शक्ति गिरी ने बताया कि उनकी संगत में मौजूद सभी संत नशे से दूर हैं कोई भी संत किसी प्रकार का नशा नहीं करता है बल्कि युवाओं को भी नशे से दूर रहने की प्रेरणा देता है। भंडारे का शुभारंभ शक्ति गिरी महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर किया और कहा कि हमें धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए, ताकि आपसी भाईचारा व प्यार प्रेम बढ़ सकें। इस दौरान अनेक समाजसेवियों सहित बगला गिरी,विरेन्द्र गिरी, दीपक गिरी, बबलू गिरी, शंकर गिरी, खंड श्री महाराज राजन गिरी,सुनील गिरी, अशोक गिरी,कुमारा नंद गिरी।

**नशे से दूर रहे**

**▶▶ उनका यह 11वां विशाल भंडारा है जिसका आयोजन करने के लिए वह हर वर्ष ऋषिकेश से आते हैं**

# बाल विवाह के खिलाफ स्कूल में चलाया शपथ अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**कैलाश** सत्यार्थी चिल्ड्रन फाऊंडेशन द्वारा समर्थित एम डी डी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा पानीपत जिले के सिवाह गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार व बाल श्रम के खिलाफ शपथ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पायल ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है या उसको बढ़ावा देता है या उसमें सहायता करता है तो 112 नम्बर व 181 नम्बर पर फोन करके सुचित करें। बाल विवाह करवाने वाले को




1 साल की सजा व 2 लाख जुमार्ना भी लग सकता है या दोनों भी हो सकते हैं। बाल विवाह रूपी बुराई को जड़ से खत्म करना जरूरी है , तभी लड़कियों के सपने साकार होंगे। बाल विवाह होने से लड़कियों का बचपन भी उनसे छिन जाता तथा जल्द शादी से लड़किया शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हो जाती है,ऐसे में बाल विवाह के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है; तभी लड़कियां अपने बचपन को अपने इच्छा अनुसार जी पाएगी। एम डी डी जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि एम डी डी ऑफ इंडिया पिछले कई वर्षों से बालाधिकारों को लेकर कार्यरत है और "न्याय तक पहुंच" कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार व बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए हुए है।

इस अवसर पर एम डी डी आफ इंडिया संस्था से जिला समन्वयक संजय कुमार, सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पायल व विद्यालय इंचार्ज रविंद्र के अलावा सैंकड़ों छात्र छात्राएं भी शामिल रहे। सभी ने एक स्वर से शपथ ली कि वे किसी भी ऐसी शादी में शामिल नहीं होंगे जिसमें वर या वधु की उम्र कम हो और ऐसी शादियां रोकने का हर संभव प्रयास करेंगे ताकि बच्चों के भविष्य को बचाया जा सके।

विद्यालय इंचार्ज रविंद्र जी ने बताया कि एमडीडी ऑफ इंडिया की यह मुहिम बेहद सराहनीय है क्योंकि बाल विवाह लड़कियों की खिलाफ एक सामाजिक अपराध है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। हमें मिलकर इस कुरीति को जड़ से खत्म करना होगा। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 200 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है जो 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए पूरे देश में काम कर रहे हैं। ये सभी सहयोगी संगठन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक समग्र रणनीति पिकेट पर अमल कर रहे हैं।

**जागरुक किया**

**▶▶ बाल विवाह लड़कियों की खिलाफ एक सामाजिक अपराध है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है**

# घर घर तक नशा मुक्त अभियान- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो दे रहा ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिदेर्शों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के आदेश से हरियाणा के अलग अलग स्थानों पर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। वे आज फरीदाबाद के विभिन्न सेक्टरों और सड़कों से साइकिल लेकर निकल पड़े और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिजार्पुर पहुंचे और विद्यालय की प्राचार्या अरुणा कुमारी गुप्ता की



उपस्थिति और शिक्षिका कंचन दुआ के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध 100 वां जागरूकता कार्यक्रम किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विस्तार पूर्वक नशे के दुष्परिणामों पर व्याख्यान दिया और बोलचाल की सरल भाषा में नशे से दूरी जीवन के लिए जरूरी पर बोलते हुए कहा कि यदि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर चर्चा करते हुए बताया कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत नशीला पदार्थ आदि प्रतिबंधित नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं देकर जागरूक नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें।

# अनिल विज ने अपने आवास पर सुनी जनसमस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा और राजस्थान रोडवेज के बीच चालान को लेकर हुए विवाद पर हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक मसला बन गया था मगर, हरियाणा रोडवेज और राजस्थान रोडवेज के बीच वो सेटल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से बात करके वो मामला खत्म हो गया है। आम आदमी पार्टी के आरोप कि अगर केजरीवाल को कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार भाजपा होगी पर पलटवार करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि ये लोग घर बैठ के ऐसे ही गुब्बारे छोड़ते रहते है। कोई कारण तो बताओ उसके बाद जवाब देगे।



वहीं, दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा हरियाणा पर लगाए गए आरोपों पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दूसरों पर दोषारोपण करने से पहले अपनी असफलताओं को नहीं देखते यह आम आदमी पार्टी का चरित्र बन गया है। उन्होंने कहा आप की सरकार को दिल्ली में आए 10 साल हो गए क्यों यमुना साफ नहीं हुई, जो नाले यमुना में गिर रहे है। उन्होंने कहा जितनी यमुना दिल्ली में प्रवेश करने से पहले हरियाणा में बहती है उसका बीओडी चेक कर लो और दिल्ली में प्रवेश करने के बाद ओखला तक उसका पीओडी चेक कर लें पता चल जाएगा कि गंदगी कौन फला रहा है।

**समाधान**

**दूसरों पर दोषारोपण करने से पहले अपनी असफलताओं को नहीं देखते यह आप पार्टी का चरित्र बन गया है**

उन्होंने कहा कि अब दिल्ली वालों की गंदगी हम थोड़ा साफ करेंगे।

उधर, कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी बस स्टैंड पर रिपेयर के लिए लगभग 93 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी दिलवाई गई है।

वहीं, कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अपने अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निधान करने के दिशा-निर्देश दिए। अम्बाला छावनी निवासी महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर उसे प्रताड़ित करने एवं मारपीट के आरोप लगाए जिसपर मंत्री अनिल विज ने महेशनगर थाना पुलिस को केस दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक मच्छौंडा से आए युवक ने उसे सेना में भर्ती के नाम पर दो लाख रुपए ठगी की शिकायत की जिसपर मंत्री अनिल विज ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य समस्याओं को भी कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने सुना।

# बाल रामलीला के अंतर्गत भरत मिलाप के मनोहारी दृश्य का किया मंचन

**मनमोहक**

**बच्चों ने बहुत ही सुंदर व मनमोहक ढंग से राम और भारत के वनवास में मिलन का मंचन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय प्राथमिक पाठशाला गोविंद माजरा में शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार बाल रामलीला के अंतर्गत भारत मिलाप के मनोहारी दृश्य का मंचन किया गया। जिसमें बच्चों ने बहुत ही सुंदर व मनमोहक ढंग से राम और भारत के वनवास में मिलन का मंचन किया ।कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य शिक्षक बलजीत सिंह ने बताया की शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार आज बाल रामलीला का आयोजन किया गया है जिसमें बच्चों ने बहुत ही मनोहर रूप से राम, भारत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न ,माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा व गुरु वशिष्ठ के किरदारों का मनोहारी दृश्य व वन में वातार्लाप का मंचन किया ।इस अवसर पर विद्यालय में बाल मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चे स्वयं दुकानदार बने और अपने हाथों से बने हुए मिट्टी के दीये, सजावट का सम्मान, घर से लाई हुई सब्जियां, रंगो व स्टेशनरी का सामान व इसके अतिरिक्त खाने-पीने वस्तुओं का बच्चों ने स्टाल लगाये। व क्रय-विक्रय किया। अध्यापक - अभिभावक बैठक का भी आयोजन किया गया ।इस सारी प्रक्रिया को अभिभावकों ने बड़े ही ध्यान से देखा और इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में होने वाले सर्वांगीण विकास के बारे में चर्चा की।

**न्यूज फ्लैश**

## सदस्यता अभियान को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय सेक्टर 8 में होगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कल 29 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी के जिला कुरुक्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक सदस्ता अभियान 8800002024 को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला भाजपा कार्यालय सेक्टर 8 में होने जा रही है। इस कार्यशाला में भाजपा के जिला कुरुक्षेत्र की सभी विधानसभा के प्रत्याशी, भाजपा जिला कार्यकारिणी, सभी मंडल अध्यक्ष ,शक्ति केंद्र प्रमुख एवं अभियान में लगने वाले प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे ।। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री सुशील राणा जी करेंगे व प्रदेश सचिव श्री राहुल राणा जी जो की सदस्यता अभियान के जिला संयोजक भी है उनका मार्गदर्शन भी बैठक में मिलेगा ।।इस कार्यशाला में सदस्यता अभियान 2024 के निमित्त कार्यकताओं को जानकारी दी जाएगी ।भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है उसका यह स्थान बना रहे इसलिए अधिक सदस्य बनाने का अभियान लिया जाएगा हरियाणा में 50 लाख कार्यकर्ता बनाए जाने हैं ।श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ।

## भ्रष्टाचार देश और समाज के विकास में बाधक तत्व- प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत की गई। सभी क्षेत्रों में एकता के संदेश को फैलाने के मकसद से केंद्रीय सतर्कता आयोग हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन करता है जिसके अन्तर्गत ही यह श्रृंखला शुरू की गई है। जिसमें सभी को सतर्कता सम्बन्धी जानकारी दी गई और सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और मुख्य वक्ता करनाल जिला के अटॉर्नी जनरल डॉ. संदीप चौहान उपस्थित रहे। कुलपति ने छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को अपने संबोधन में कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी देश या समाज के लिए दीमक की तरह होता है, जो देश की जड़ों को तो खोखला करता ही है, इसके साथ ही लोगों की प्रगति एवं विकास के मार्ग में भी बाधा पैदा करता है। इसलिए जीवन में सतर्कता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज देश को आजाद हुए 78 साल पुरे हो चुके है, देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य देश के महान नेता और देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा किया गया। उनकी की दूरदर्शिता के चलते आज भारत एक है। मगर ये देश का दुर्भाग्य है कि देश में भ्रष्टाचार हर कदम पर फैला हुआ है। देश में भ्रष्टाचार तभी खत्म हो सकता है जब देश का हर नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करे। मुख्य वक्ता डॉ. संदीप चौहान ने इस अवसर पर कहा कि सतर्कता सप्ताह सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। आज सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। तभी भारत देश विकसित हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज सतर्कता जागरूकता की जरूरत क्यों महसूस हुई। क्योंकि ज्यादातर नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करते और छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त है।

# इस दीपावली पर सबको सुख का उपहार दे-ब्रह्माकुमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारी आश्रम, 36-37, दयाल बाग, अंबाला कैंट में दीपावली के शुभ अवसर पर *सर्वे भवन्तु सुखिनः* सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मुंबई से पधारे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमलेश दीदी जी नेशनल कोऑर्डिनेटर शिपिंग एविएशन टूरिज्म विंग जी ने कहा इस दीपावली पर सबको सुख का उपहार दे। उन्होंने कहा सुख के 4 आधार माने गए है। संपत्ति, संबंध, सता, साधन ये चार सुख के आधार माने गए है। उन्होंने बताया जब किसी तेज जगमगाती लाइट पर भी धूल जम जाती है तो उसकी भी रोशनी कम हो जाती है ठीक इसी प्रकार आज के मनुष्य पर



भी 3 प्रकार की धूल है। पहली धूल है नकारात्मकता की। दूसरी धूल वो है जो हमारे अपने ही कुछ कमजोर संस्कारों की है। तीसरी अज्ञानता की धूल है। हमारे ऊपर जो धूल है, उसने हमारे अंदर के सुख को छुपा कर रखा हुआ है। जब तक हमने स्वयम ही सुख का अनुभव नहीं किया हम दूसरों को सुख नहीं दे सकते। आज सारे विश्व के अंदर कैसी भयानक परिस्थितियां है। विश्व को सुख का अनुभव कराने के लिए *वन गॉड, वन वर्ल्ड परिवार* की आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारीज संस्था तो ये कार्य कर ही रही है लेकिन आज हम सबको आपस में मिल जुलकर चलने की आवश्यकता है। इसलिए हम हर किसी को इस दीपावली पर सुख का त्यौहार दे। हम आत्मा है, आत्मा का ओरिजिनल नेचर सुख शांति प्रेम आनंद है। जितना हम उस स्वरूप को समझे जितना इस स्मृति में रहेंगे उतना हमारे अंदर इन सबकी जागृति होंगी। इस अवसर पर रोटरी प्रेसिडेंट नरेश जी, वायु सेना अधिकारी, डॉ दत्ता, अधिवक्ता कमलेश गुप्ता एवम शहर की जानी मानी हस्तियां मौजूद रही। कार्यक्रम में बहुत सुंदर नृत्य की

**सांस्कृतिक संध्या**

**दीपावली के शुभ अवसर पर *सर्वे भवन्तु सुखिनः सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया**

# जगत गुरु श्री मानक देव जी का 555वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**

**गुरुद्वारा** नानक दरबार साहिब माउल टाऊन में जगत गुरु श्री मानक देव जी का 555 वां प्रकाश पर्व संमूह संगत द्वारा 17 नवम्बर को बड़ी श्रद्धा-सत्कार के साथ मनाया जाएगा यह जानकारी गुरुद्वारा प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी उन्होंने कहा कि इस उपलक्ष में 5 नवम्बर को अमृत वेले 5 बजे प्रभात फेरीया आरम्भ की जाएंगी जो कि 17 नवम्बर तक प्रभातफेरी निकाली जाएंगी । संगत द्वारा "मैं शोमा सुनके आया आया, ऊँचा ऊँच दर बाब मानक दा किर्तन गायन करके सारे शहर में



घूम कर वापिस गुरुद्वारा साहिब मॉडल राऊन में आएगी कबिल्ला, ने कहा कि प्रभातफेरी श्री गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में अरदास करके निशान साहिब की अगुवाई में निकाली जाएंगी।

# दीपावली उत्सव पर छात्रों ने की अनेक गतिविधियां



**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** गीता निकेतन विद्या मंदिर ,सेक्टर- 3 विद्यालय में आज दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में अनेक गतिविधियां करवाई गई ।जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की कार्यक्रम का संचालन प्रातः वंदना सत्र में शिवाजी सदन के द्वारा किया गया । छात्रों ने दीपावली के महत्व एवं पांच दिन के दीपावली के त्योहारों पर प्रकाश डाला। छात्रों ने प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का संकल्प लिया। कक्षा पंचम ब के छात्रों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके बाद कक्षा अनुसार गतिविधियां की गई। कक्षा तृतीय, चतुर्थ व पंचम के छात्रों ने दीप सज्जा प्रतियोगिता में सहभागिता की।

# बिशनगढ़ के सरकारी स्कूल में बाल रामलीला का हुआ मंचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बिशनगढ़ में निपुण बाल रामलीला ,पीटीएम और टीएलएम एग्जीबिशन का आयोजन किया गया ।पीटीएम में अभिभावकों से बच्चों की प्रगति रिपोर्ट साझा की गई ।निपुण बाल रामलीला के अंतर्गत "अंगद रावण"संवाद दृश्य का बच्चों द्वारा मंचन किया गया ।अध्यापक रमेश भट्ट ने बताया कि निपुण बाल रामलीला शिक्षा विभाग द्वारा की गई एक महत्वपूर्ण पहल है जिसमें संस्कारों के साथ साथ बच्चों का मौखिक भाषा विकास भी



होता है। एसएमसी प्रधान श्रीमती सोनिया ने सभी बच्चों के अभिनय की खूब सराहना की और अन्य गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। अध्यापिका कुसुम लता ने टीएलएम एग्जीबिशन के माध्यम से अभिभावकों को कई रोचक जानकारियाँ साझा की ।सभी अभिभावकों ने विद्यालय स्टॉफ की आयोजन के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की ।इस अवसर पर रमेश भट्ट,अशोक कुमार, मोहित कुमार, श्रीमती कुसुमलता, पूजा,सोनिया, अनीता, बबीता, अंजू इत्यादि उपस्थित रहे।

# जीवीएम की एनसीसी कैडेटों ने किया कमाल

**सोनीपत:** 12वीं हरियाणा एनसीसी बटालियन के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनसीसी कैडेटों ने चार स्वर्ण पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने एनसीसी इकाई को बधाई दी।

जीवीएम की एनसीसी इकाई की प्रभारी प्राध्यापिका ले. प्रियंका ने बताया कि 12वीं हरियाणा एनसीसी बटालियन का सीएटीसी ऋषिकुल विद्यापीठ में सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें जीवीएम की कैडेटों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कई दिनों तक चलने वाले सीएटीसी में कैडेटों को ड्रिल अभ्यास, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक जागरूकता इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।

# दीपावली पर जगमगाया मुरलीधर डीएवी स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** दीपावली के शुभ अवसर पर मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में उल्लास और सृजन का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पूर्व प्राथमिक विभाग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने तोरण और दीपक सज्जा प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। उनके रंग-बिरंगे तोरणों और सजे-संवरे दीपों से विद्यालय का हर कोना दमक उठा। निर्णायक मंडल के लिए चुनौतीपूर्ण क्षण विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना ने बताया, "इस बार प्रतियोगिता में इतनी अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया कि निर्णय लेना निर्णायकों के लिए एक



चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया। राजकुमार, विभा, सुचेता, श्रीमती अनुराधा व आरती गुलाटी ने अत्यंत धैर्य से सभी कलाकृतियों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हुए अपना निर्णय दिया।" प्रधानाचार्य ने की विद्यार्थियों की सराहना प्रधानाचार्य डॉ. राधारमण ने विद्यार्थियों की अद्भुत कलात्मकता और सृजनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा, "विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का जो प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। उनके द्वारा निर्मित इन कलाकृतियों में उनकी मेहनत और लगन स्पष्ट झलकती है। मैं उन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।"

उन्होंने वैदिक संस्कार पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित हुई रंगोली व तोरन प्रतियोगिताओं के सफल वह अनुशासित आयोजन के लिए सभी कोऑर्डिनेटर वनिता महाजन, अंशु गुप्ता, पराग रलन सुदेश शर्मा, वंदना सोढ़ी, अमिता अरोड़ा को विशेष रूप से साधुवाद दिया।

**दीपक सज्जा**

**मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में उल्लास और सृजन का अद्भुत संगम देखने को मिला**

# संघ सिंचाई विभाग की ब्रांच का चुनाव संपन्न हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत//कमाल हुसैन**

**हरियाणा** गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ सिंचाई विभाग की ब्रांच का चुनाव जिला प्रधान अमरजीत मलिक, अध्यक्ष शीशपाल मलिक, राज्य के नेता रामकुमार ,जिला सचिव नीरज कुमार शर्मा, राममेहर मलिक, मास्टर कृष्ण, सुखबीर शर्मा,की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ चुने हुए पदाधिकारी इस प्रकार हैं चेयरमैन राजेश कुमार, प्रधान सतीश देशवाल चौथी बार सर्वसम्मति से चुने गए,सचिव अनुज, कोषाध्यक्ष योगेश पूनिया, वरिष्ठ उप प्रधान राजेंद्र रावल , सह सचिव राम रतन, ऑडिटर मनीष ,संगठन सचिव संतोष ,प्रचार सचिव सुनील मोर, सह कोषाध्यक्ष अशोक जांगड़ा, उप प्रधान कर्मवीर ,संदीप शर्मा, अनुज, सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए चुनाव में सभी सदस्यों ने भाग लिया।

# 175 किलोग्राम गांजा सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना साहा क्षेत्र गाँव मिट्ठापुर से नशा तस्करी के मामले में 26 अक्तूबर 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अर्जुन, राजेश कुमार निवासी गाँव ढीडार, दिनधर थाना सम्भालखा जिला पानीपत व सोनू निवासी गाँव इसराना थाना सम्भालखा जिला पानीपत को 175 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित काबू कर थाना साहा में मुकदमा नं0 231 दिनांक 26



अक्तूबर 2024 एनडीपीएस एक्ट धारा 20/61/85 दर्ज करके माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों का 10 दिन पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

26 अक्तूबर 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी गाँव मिट्ठापुर में किराये के मकान में रहकर मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है आज भी आरोपियों के पास गाँव मिट्ठापुर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ है। सूचना उपरान्त सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए गाँव मिट्ठापुर में किराये के मकान में रह रहे संदिग्धों को काबू कर तलाशी लेने पर उनसे 175 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। आरोपियों की पहचान अर्जुन, राजेश कुमार निवासी गाँव ढीडार, दिनधर थाना सम्भालखा जिला पानीपत व सोनू निवासी गाँव इसराना थाना सम्भालखा जिला पानीपत के रूप में हुई जिन्हें उपरोक्त मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार कर थाना साहा में मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का नशा बेचने वालों की सूचना तुरन्त हैल्प लाईन नम्बर 97299-90117 पर दें। जानकारी देने वाले व्यक्ति का नामपता गुप्त रखा जाएगा।

**तस्करी**

**आरोपी गाँव मिट्ठापुर में किराये के मकान में रहकर मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है**

# विश्वकर्मा जयन्ती दो नवम्बर को हवन-पूजा के साथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा, रेलवे रोड, कुरूक्षेत्र हर वर्ष की तरह इस बार भी गत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, विश्वकर्मा जयन्ती का आयोजन 02 नवम्बर, 2024, दिन शनिवार को प्रातः 9:00 बजे हवन-पूजा के साथ विश्वकर्मा मंदिर एवं धीमान धर्मशाला, रेलवे रोड, कुरूक्षेत्र के प्रांगण में पूरे हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा क महासचिव राजकुमार धीमान ने बताया कि यह विशेष दिन देव शिल्पी भगवान



विश्वकर्मा जी की पूजा और सम्मान के रूप में मनाया जाता है, समारोह में ब्लड डोनेशन कैम्प, धीमान समाज के मेधावी छात्रों व बुजुर्गो का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुभाष सुधा, पूर्व राज्यमंत्री, हरियाणा सरकार तथा कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ० करतार सिंह धीमान, कुलपति, श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र होंगे।

**परंपरा**

**यह विशेष दिन देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा और सम्मान के रूप में मनाया जाता है**

# 'वरिष्ठ नागरिक संस्था' द्वारा 'दीवाली मंगल मिलन समारोह' का आयोजन




















## भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने की शिरकत, जनप्रतिनिधि और राजनेता भी हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा के मजलिस पार्क क्षेत्र की प्रमुख समाजसेवी संस्था वरिष्ठ नागरिक संस्था की ओर से दिवाली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिकों की सबसे सक्रिय और सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाली ये संस्था हर वर्ष दीवाली मंगल मिलन समारोह का आयोजन करती है। इस बार भी संस्था की ओर से आम सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद मंगल मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस विशेष मौके पर क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की और इस खास दिन को यादगार बनाया। सभी ने एक दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दी।

**दीप प्रज्जवलित कर हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ:** कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर आये हुए सभी अतिथियों ने अपने - अपने विचार रखे। सभी ने एक स्वर में संस्था के कार्यों की तारीफ की।

**अतिथियों ने दी दिवाली की शुभकामनाएँ :** इस मौके पर आये हुए सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं दी। विधायक पवन शर्मा ने कहा कि आप सभी मेरे परिवार की तरह हैं और इस तरह परिवार के साथ दिवाली का एक अलग ही आनंद होता है। वहीं, पार्षद प्रत्याशी रहे अनुभव धीर ने भी अपने विचार रखे।

**कलाकारों ने बांधा समा:** इस दौरान कलाकारों ने अपनी गायकी से कार्यक्रम को और भी खुबूसूरत बना दिया और कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग थिरकने पर मजबूर हो गए।

**ये लोग रहे मौजूद:** विधायक पवन शर्मा, नेता सदन मुकेश गोयल, आरडब्ल्यूए प्रधान सुभाष दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, अनुभव धीर, अरविंद शर्मा, नीरज कपूर, गुरदयाल छाबड़ा, सुरेंद्र चौधरी, राकेश जुनेजा, पीपी खुराना, एक्शन इंडिया के संपादक रवि भारद्वाज सहित भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## दिल्ली सरकार ने लॉन्च किया 'दिए जलाओ, पटाखे नही' अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। दिल्ली सरकार** ने दिवाली पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए दिए जलाओ, पटाखे नहीं कैंपेन शुरू किया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार शाम को बाबरपुर बस टर्मिनल पर दीए जला कर इस अभियान की शुरूआत की। इस दौरान गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए जनभागीदारी जरूरी? है। लोगों को दिए के साथ दीवाली मनाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि 'दिए जलाओ, पटाखे नहीं' अभियान का उद्देश्य पटाखों जलाने से लोगों को रोकना है। साथ ही लोगों को दीये के साथ दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि दिवाली के अवसर पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण से दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित हो जाती है और यह प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्ग के लिए बहुत ही घातक होता है। गोपाल राय ने बताया कि दिवाली के अवसर पर पटाखे जलाने से प्रदूषण काफी बढ़ जाती है। इसीलिए पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) तथा पटाखों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि आज से पूरी दिल्ली के अंदर पटाखों के प्रदूषण रोकने के लिए "दीए जलाओ,पटाखे नहीं "अभियान शुरू किया गया है।

## नरेन्द्र सोनी के नेतृत्व में बुराड़ी के आप कार्यकर्ताओं ने मनाया दिवाली मिलन कार्यक्रम

### कार्यक्रम के दौरान सबने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दिवाली की शुभकामनाएं दी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी** के प्रवक्ता नरेंद्र सोनी ने दीवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया और पार्टी के सभी पुराने व नए कार्यकर्ताओं को बुलाया और आपस में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीवाली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बैठक में नरेंद्र सोनी को बुराड़ी विधानसभा से आम आदमी पार्टी से टिकट लाने और बुराड़ी से चुनाव लड़ने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने एक आवाज में नरेंद्र सोनी का समर्थन किया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने अपने विचार भी रखें। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ साथी संस्थापक सदस्य बालकिशन शर्मा, विजय फुलारा, जितेंद्र फुलारा, सहदेव, विक्रम उन्याल, राहुल सती, जे पी यादव विधानसभा सचिव, संजीव यादव पूर्व वार्ड अध्यक्ष, संगीता नेगी पूर्व विधानसभा संगठन मंत्री, प्रीति सिंह पूर्व वार्ड अध्यक्ष, एडवोकेट हेमबंती, नंदन, पवन कुमार वार्ड उपाध्यक्ष, जगजीत सिंह मंडल प्रभारी, चांद भाई मंडल अध्यक्ष, तेजवीर पाल, प्रेम कुमार पूर्व वार्ड संगठन मंत्री, गोपाल, निक्की प्रदेश सह सचिव, नितिन सिंह, प्रवीन यादव, अशोक कुमार, आशीष राज पूर्व वार्ड सचिव, भरत सिंह मंडल संगठन मंत्री, एच एन झा, अमरेश झा सूरज यादव विधानसभा अध्यक्ष ऑटो विंग सहित सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## राजू कोहली को बनाया गया टैगोर रोड़ आरडब्ल्यूए का प्रधान







### जन कल्याण समिति आरडब्ल्यूए ने लिया बड़ा फैसला, लोगों ने किया प्रधान राजू कोहली का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्ली: आदर्श नगर की टैगोर रोड़ जन कल्याण आरडब्ल्यूए समिति की ओर से एक बड़ा फैसला लिया गया। एपीएमसी मेंबर और आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के प्रधान राजू कोहली को टैगोर रोड जन कल्याण आरडब्ल्यूए समिति का भी प्रधान नियुक्त कर दिया गया है। आपको बता दें की इस मौके पर सबसे पहले प्रधान राजू कोहली ने आये हुए सभी वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया। इसके बाद सभी ने राजू कोहली को प्रधान बनाने की शुभकामनाये दी। साथ ही भव्य स्वागत-सत्कार भी किया। सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हरिराम स्वीट्स पर किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान राजू कोहली ने कहा कि आरडब्लयूए समिति ने मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी है। उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से निभाऊंगा।




राजू कोहली ने कहा कि आरडब्लयूए ने जो पद दिया है, मैं उसका मान रखूंगा। साथ ही सभी को भरोसा दिलाता हूं कि अपने दायित्व का निर्वाह पूरी ईमानदारी से करूंगा। इस मौके पर जन कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।






## दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली जोड़ो यात्रा का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पिछले 11 वर्षो से भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकार की जनता के प्रति बेरुखी के कारण लगातार बिगड़ते दिल्ली के माहौल के प्रति संवदेना पूर्वक सोच के साथ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सीधे जनता से जुड़ने और उनकी परेशानियों, संकट और समस्याओं को सुनने तथा उनको जड़ से खत्म करने की विचारधारा और सोच लेकर आज कंस्ट्रीट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम दिल्ली जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी की नाकामियों का एक वीडियो भी लॉच किया। दिल्ली न्याय यात्रा का लोगों पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद जे.पी. अग्रवाल ने लॉच किया और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सभाष चोपड़ा ने दिल्ली न्याय यात्रा के यात्रियों के लिए टी-शर्ट लॉच की। कार्यक्रम का समापन संबोधन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने किया। दिल्ली न्याय यात्रा लॉचिंग कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व विधायक व कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने किया। मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली की समस्याओं से संबधित दो वृतचित्र भी मौजूद कांग्रेसजनों को दिखाए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा, सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, सचिव जितेन्द्र बघेल और आलोक शर्मा, पूर्व सांसद रमेश कुमार और परवेज हाश्मी, अभाक कमेटी महिला अध्यक्ष अल्का लांबा, अभाक कमेटी एससी विभाग के चेयरमैन राजेश लिलौठिया, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, मंगतराम सिंघल, डा. नरेन्द्र नाथ, डा. योगानन्द शास्त्री, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी, पूर्व विधायक, निगम पार्षद, जिला व ब्लाक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों व सेल एवं विभागों के अध्यक्षों सहित सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद थे। जन नायक, प्रिय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर दिल्ली कांग्रेस देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में 4 चरणों में दिल्ली जोड़ो यात्रा निकालेगी, जो एक महीने तक चलेगी।

# 'स्वच्छ दीपावली शुभ दीपावली' का रैली निकाल कर दिया संदेश

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। स्वच्छ दीपावली, शुभ** दीपावली अभियान एवं स्वच्छ त्यौहार-2024ह्यह्य के अन्तर्गत सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में वृहद सफाई व स्वच्छता बनाये रखने हेतु के साथ साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किये जाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। सोमवार को वृन्दावन नगर में इस्कॉन मंदिर लेकर हरि निकुंज चौराहे तक विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राओं को सम्मिलित करते हुये जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
जनजागरूकता रैली का शुभारम्भ सांसद हेमा मालिनी, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर



किया गया। जन जागरूकता रैली में लगभग 700 से अधिक छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग करते हुये रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। रैली के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा इस्कॉन मंदिर से लेकर हरिनिकुंज चौराहे तक सफाई श्रमिकों के माध्यम से सफाई का कार्य कराया गया तथा एकत्रित कचरे को मौके पर ही डोर टू डोर वाहन के माध्यम से नियत स्थल पर पहुंचाया गया।
सांसद ने कहा कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन को स्वच्छता में सहयोग प्रदान करें। प्रतिदिन घरों के कूड़े को डोर टू डोर वाहन में डाले। खुले में कूड़ा व कचरा न फेंके। कहा कि आप अगर स्वयं अपने आसपास सफाई व स्वच्छता बनाये रखेंगे तो बीमारियों से भी बचे रहेंगे महापौर ने कहा कि हम महसूस कर सकते हैं कि 2014 से पहले की स्थिति से आज 2024 की स्थिति में स्वच्छता में काफी अंतर आया है। मा0 प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर स्वच्छता के प्रति इसी प्रकार आयोजन एवं कार्य होते रहेंगे। नगर ने कहा कि नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली अभियान एवं स्वच्छ त्यौहार 2024 के अन्तर्गत स्वच्छता थीम पर जनजागरूकता रैली निकाली गयी है। नगर निगम द्वारा निरन्तर स्वच्छता के दृष्टिगत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है, स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु इसी प्रकार आगे अन्य आयोजन नगर निगम द्वारा किये जायेंगे।जनजागरूकता रैली में स्वच्छ सारथी क्लब में सम्मिलित परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर, हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती विद्या मंदिर, प्रेम महाविद्यालय, विद्यापीठ इण्टर कॉलेज, हजारीमल सोमानी नगर निगम इंटर कॉलेज, नगर निगम बालिका इण्टर कॉलेज, वन महाराज, आईओपी, केशव धाम, सुखदा भक्ति इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ वृन्दावन व्यापार मण्डल द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# छात्रवृति: पहली बार हो रहा शिक्षण संस्थाओं का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। छात्रवृत्ति** के नियमों को इस बार बदलाव किया गया है। पहली बार शिक्षण संस्थाओं को बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा समाज के कल्याण में विभिन्न योजना चलाई जा रही है। वहीं इस वक्त वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना और छात्रवृत्ति योजना संचालित है। समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पाल सिंह ने लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि वृद्धा पेंशन योजना के अंतर्गत पिछले एक माह में साढ़े 11 हजार आवेदन पत्रों का निस्तारण हो चुका है, और तकरीबन 1200 के करीब आवेदन अभी बचे हुए हैं उनका भी जल्द निस्तारण कर दिया जाएगा, जिन पात्र लोगों ने इसके लिए आवेदन नहीं किया है वह जल्द ही आवेदन करें और योजना का लाभ उठाएं। सामूहिक विवाह योजना की बात करें तो देवउत्थान के बाद सामूहिक विभाग का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 232 आवेदन पत्र ऑनलाइन तरीके से समाज कल्याण विभाग के पास आ चुके हैं, लक्ष्य 1163 सामूहिक विवाहों का है। जिसके बाद उनकी जांच के लिए नगर निकायों नगर पंचायतों को आदेश जारी किए गए हैं, समाज कल्याण अधिकारी ने अनुरोध करते हुए कहा कि जो लोग अभी तक इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर सके हैं वह जल्द से जल्द आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं।

> बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन होना है। छात्रवृत्ति के अंतर्गत सभी स्कूल कॉलेजों का नये नियमां के अंतर्गत। चार दिनों से प्रक्रिया जारी है। अभी भी कई कॉलेज और स्कूल ऐसे हैं जिनका बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन होना बाकी है। सभी कॉलेजों से अनुरोध है कि वह अपना बायो करा लें छुट्टियों में भी हमारा कार्यालय खुलेगा जो भी लोग जहां भी वह किसी कारण से नहीं आ सकते हैं वह छुट्टियों के दिन में काम करा ले।
>
> **-नागेन्द्र पाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी**

## संक्षिप्त खबरें

### सोशल मीडिया पर बने जाल में खुद की फंस गये युवक

**मथुरा।** खेत में शराब पीने के दौरान एक युवक के तमंचे से कारतूस चल गया। छर्रा युवक के चेहरे पर लगे। चेहरे पर लगे छर्रा की कहानी को छुपाने के लिए अपने साथी के साथ ऐसा जाल बुना जिसमें दोनों युवक ऐसे फंसे कि जेल पहुंच गये। युवकों ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसमें उन्होंने कार सवार बदमाशों द्वारा फायरिंग कर घायल करने की बात की। पुलिस ने पडताल की तो युवक असलियत छुपा नहीं सके। सुरीर पुलिस ने झूठी सूचना देने वालों के खिलाफ कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक थाना सुरीर संजीव कान्त मिश्र ने बताया कि अभियुक्त बबलू उर्फ नहना पुत्र नानक चन्द निवासी भदनवारा थाना सुरीर मथुरा व कालू उर्फ रामकिशन पुत्र पीतम सिंह निवासी भदनवारा थाना सुरीर को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि कालू उर्फ रामकिशन पुत्र पीतम सिंह निवासी भदनवारा थाना सुरीर द्वारा एक बाइट के माध्यम से सोशल मीडिया पर झूठी सूचना प्रसारित करायी कि जब वह ग्राम नयाबांस में अपने खेत में अपने चचेरे भाई बबलू उर्फ नहना पुत्र नानक चन्द निवासी भदनवारा थाना सुरीर के साथ मौजूद था तो अज्ञात कार सवारों द्वारा फायरिंग की गई है। जिसमें बबलू उर्फ नहना के चेहरे पर फायर आर्म इंजरी आई है तथा वह हेतन अस्पताल मे इलाजरत है। इस सूचना पर थाना सुरीर पुलिस द्वारा हेतन अस्पताल पहुंचकर सूचना देने वाले युवक से बात की गई तथा घायल बताये जा रहे युवक के चेहरे पर आई चोटो का निरीक्षण किया गया तो प्रथम दृष्टया प्रकरण संदिग्ध प्रतीत हुआ। युवक के चेहरे पर कुछ बारूद जैसे कण दिखाई दे रहे थे। इस सम्बन्ध मे कालू उर्फ रामकिशन से कडाई से पूछताछ किया गया तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि दोनों युवक नयाबांस गांव के खेत में शराब पी रहे थे तथा उनके पास अवैध तमंचा व कारतूस था। फायर करने के दौरान बैक फायर होने की वजह से बबलू उर्फ नहना के चेहरे पर बारूद के कण निशान आ गये थे। पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से बबलू उर्फ नहना को हेतन अस्पताल सुरीर में एडमिट कराया गया। जांच में पाया गया कि किसी अन्य के द्वारा कोई फायर नहीं किया गया बल्कि अभियुक्त के द्वारा अवैध असलहे से स्वंय फायरिंग की गई थी। दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस व खोखा कारतूस बरामद कर लिया गया है। अभियुक्त बबलू के पास से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस जबकि कालू के पास से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं।

### यम द्वितीया पर्व तीन नवम्बर को मनाया जाएगा

**मथुरा।**
**यमद्वितिया पर्व** व्यवस्थाओं को लेकर माथुर चतुर्वेद परिषद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। तीन नवंबर को होने वाले यमदूत या पर्व के संबंध में श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री व उपाध्यक्ष शिवकुमार चतुर्वेदी के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। जिसे जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उप जिलाधिकारी ने प्राप्त किया। जिसमें यमदूतिया पर होने वाली सभी व्यवस्थाओं के संबंध में बताया गया और इस मेले को राजकीय मेला घोषित करने की मांग पुनः उठाई और सारी व्यवस्थाएं जो नगर निगम को पूर्ण करनी है उनको यथाशीघ्र पूर्ण करने की बात कही जिसमें साफ सफाई, घाट की रंगाई पुताई, तीर्थ यात्रियों के लिए कपड़े बदलने की व्यवस्था, घाटों के रास्ते में जो अवरोध है उसे समाप्त करने की व्यवस्था, जो गालियां घाट को जाती है उनकी मरम्मत लाइटिंग की व्यवस्था, यमुना जी से सिल्ट निकलवाना इत्यादि सभी व्यवस्थाओं के संबंध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट, उपाध्यक्ष शिवकुमार चतुर्वेदी, मंत्री संजय चतुर्वेदी, पूर्व उपाध्यक्ष संजय चतुर्वेदी एल्पाइन, पूर्व मंत्री गोपाल शालिग्राम, पूर्व निरीक्षक संजीव चतुर्वेदी एडवोकेट, श्याम मोनू चतुर्वेदी इत्यादि अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## संग्दिध परिस्थितियों में युवक की मौत


**मथुरा।** हाईवे क्षेत्र में महाराजा गार्डन डी में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर रात में ही थाना हाईवे पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक युवक के परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। प्रथम दृष्टया पुलिस इस घटना को आत्म हत्या मान कर चल रही है। पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय युवक मनोज शर्मा का अपने परिजनों के साथ रात के समय विवाद हुआ था। इसके बाद युवक ने गुस्से में खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस इस मामले में लगातार पूछताछ कर रही है।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर तीन वाहन आपस में टकराये, छह घायल

**दर्दनाक**

**तीन वाहन एक के बाद एक आपस में टकरा गये। हादसा एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 117 पर हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः यमुना एक्सप्रेस वे सोमवार** की तड़के तीन वाहन एक के बाद एक आपस में टकरा गये। सड़क हादसा एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 117 पर हुआ। सूचना मिलने पर पहुंची थाना महावन पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं वाहनों को



हटाकर यातायात को सुचारू कराया। सड़क हादसे में डबल डेकर बस में बैठीं छह सवारी घायल हुई है। हादसा सुबह करीब साढे पांच बजे हुए, जब एक डबल डेकर बस संख्या एआर 01 डब्ल्यू 1700 जो की आजमगढ़ से दिल्ली जा रही थी।

## महावन क्षेत्र में माइलस्टोन 117 पर हुआ हादसा

अचानक से आगे चल रहे कैंटर संख्या आरजे 11 जीसी 4006 से टकरा गई। तभी बस के पीछे चल रही एक कर मारुति फ्रॉनक्स संख्या यूपी 80 जीवाई 9597 भी बस में पीछे से टकरा गई। घटना की जानकारी लगते ही थाना महावन पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि सड़क हादसे में एक के बाद एक वहां पीछे से आपस में टकराए हुए हैं। बस एवं कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके कारण इनमें बैठी सवारियां भी गाड़ियों में फंसी हुई थी। जिनका पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। बस में सवार छह सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें एम्बूलेंस के माध्यम से उपचार के लिए मथुरा के जिला अस्पताल में भेजा गया है। महावन थाना प्रभारी डेजी पवार द्वारा बताया गया कि गालों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है यमुना एक्सप्रेसवे से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू कराया गया है इसके साथ ही गए लोगों के पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है।

# महिला सहित हनी ट्रैप गैंग के सात सदस्य गिरफ्तार

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। थाना हाईवे** पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम की कार्यवाही में प्रॉपर्टी डीलर को तमंचे के बल पर बंधक बनाकर मारपीट कर नग्न वीडियो बनाकर लूट करने वाले 25 हजार रुपये के इनामी घोषित अभियुक्त को लूटी गई कुछ रकम के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त कपिल पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी पब्बी पुर करहारी मांट थाना मांट को 4400 रुपये के साथ टीपी नगर चौराहे पर दूरसंचार के पीछे से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में एक अभियुक्त व अन्य 12 अभियुक्तों को पंजीकृत किया गया था।
18 अक्टूबर को थाना हाईवे पुलिस द्वारा दीपक पुत्र पूरन सिंह निवासी महमदपुर थाना खोह जिला डीग भरतपुर, सोनू पुत्र नेत्रपाल सिंह निवासी ओम नगर नटवर धौलीप्याऊ थाना हाईवे मथुरा, विष्णु पुत्र रोहतास निवासी सदीपुर थाना नौहझील जनपद मथुरा, एक अभियुक्ता को जेल भेजा जा चुका है। 23 अक्टूबर की रात्रि में थाना हाईवे पुलिस व एसओजी टीम द्वारा इस हनीट्रैप गैंग के 25 हजार के इनामी गौरव पुत्र सतीश निवासी कौंडेर थाना डींग सदर जिला डींग व दिनेश पुत्र गोपाल निवासी शेरगढ को पुलिस मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार किया जा चुका है। कार्यवाही करने वाली टीम में आनन्द कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे, उमेश चन्द यादव निरीक्षक क्राइम थाना हाईवे, राकेश कुमार यादव प्रभारी एसओजी, विदित कुमार चौकी प्रभारी मण्डी थाना हाईवे आदि थे।

## महाकुम्भ पुलिस के आंख और कान बनेंगे युवा

**प्रयागराजः योगी** सरकार महाकुम्भ को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही इसे सभी के लिए सुरक्षित बनाने पर भी जोर दे रही है। इसके लिए विभिन्न कार्ययोजना बनाई गई हैं। महाकुम्भ पुलिस की ओर से भी तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। खासतौर पर युवा वर्ग को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वह आसपास होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखें और अगर उन्हें कहीं कोई गड़बड़ दिखाई दे तो वह तत्काल पुलिस को सूचित करें। इसका मतलब है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस की ही नहीं है, बल्कि प्रयागराज के युवा भी अब पुलिस के आंख और कान बनकर काम करेंगे।

# सफाईकर्मियों को मिली वर्दी खिले चेहरे

## राया में सफाई मित्र वर्दी में जगायेंगे स्वच्छता की अलखः आशीष कुमार



**मथुरा।**
**राया कस्वे के** बलदेव रोड नगर पंचायत कार्यालय पर आज सफाई कर्मचारियों को वर्दी वितरित की । नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल अधिशाषी अधिकारी आशीष कुमार ने नगर पंचायत राया में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों को बर्दी ग्लब्स हैड मास्क आदि वितरित किये इस दौरान अधिशाषी अधिकारी आशीष कुमार ने सफाई मित्रो नगर को स्वछ बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिए इस दौरान पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल लिपिक अमित शर्मा,पवन सारस्वत, सभासद अमित अग्रवाल,सभासद रंजीत ,श्यामवीर सिंह,राकेश आस मोहम्मद,अमीर खान, सफाई नायक ,मुनेश कुमार,जीतू चौहान,अजीत कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मिशन स्माइल फाउंडेशन ने दिवाली पर किया खुशियों की पोटली का वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा : मिशन स्माइल फाउंडेशन** मथुरा की ओर से महोली रोड स्थित झुग्गियों में जाकर दिवाली के त्यौहार की शुरूआत सोमवार को खुशियों की पोटली बांधकर की। जिसमें बर्तन, लक्ष्मी गणेश, सजावट का सामान, पटाखे व मिठाई आदि थीं। संस्था की ओर से बच्चों को फल आदि वितरित किए गए। संस्था की अध्यक्ष गीता नाथानी ने बताया कि दिवाली के त्यौहार पर हम सभी अपने अपने घरों में खुशियों को मनाते है लेकिन




असली खुशी तब मिलती है जब हमारे किसी ऐसे सेवा से ऐसे परिवारों के चेहरे पर मुस्कान आती है ! महासचिव एड. अनीता चावला ने बताया कि इस क्षेत्र में बिजली की कोई व्यवस्था उक्त परिवारों के लिए नहीं थी जो कि जल्द ही संबंधित विभाग से मिलकर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सह सचिव हेमा गंगवानी व संगठन मंत्री कीर्ति मंगलानी ने संयुक्त रूप से किया। संस्था की उपाध्यक्ष इंदिरा गंगवानी, सहसचिव हेमा गंगवानी, संगठन मंत्री कीर्ति मंगलानी व माला गंगवानी, सदस्य मधु चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रही।

## दिव्यांग के खाते अब सीधे आएगी पेंशन बस करना होगा यह काम

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। जिला** दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विशाल कुमार ने समस्त दिव्यांगजनों को अवगत कराया है कि दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन की धनराशि का भुगतान अकाउंट बेस्ड पेमेंट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से किया जायेगा दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन की धनराशि आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से प्राप्त किये जाने के लिए अपने बैंक खाते मे डीबीटी एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ) मैपर की प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा, क्योकि आधार बेस्ड पेमेन्ट मे भुगतान केवल एनपीसीआई मैपर आधार से ही किया जा सकता है। दिव्यांग अपना बैंक पासबुक, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल के साथ अपने बैंक में जाकर एनपीसीआई मैंपिग करा ले, जिससे आधार बेस्ड भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से धनराशि सीधे पात्र दिव्यांगजनों के बैंक खातों में अंतरित की जा सकें एवं जिन दिव्यांगजनों को माह अक्टूबर 2024 मे दिव्यांग पेंशन की धनराशि प्राप्त होकर अपनी दिव्यांग पेंशन मे आधार प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

# लाइव टेलीकास्ट के जरिए पूरी दुनिया देखेगी अयोध्या की भव्यता

## मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में होने जा रहे आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने में जुटा सूचना विभाग, एलईडी वैन और एलईडी वॉल के जरिए नगरवासी भी देख सकेंगे भव्य दीपोत्सव का नजारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्याः आठवें दीपोत्सव** की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राम की पैड़ी पर दीप बिछाने का काम तकरीबन पूरा किया जा चुका है। अब अयोध्या सहित पूरी दुनिया को इंतजार है तो सिर्फ 30 अक्टूबर की शाम का। उस दिन सबके आराध्य भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या एक और कीर्तिमान रचने जा रही है। इस अद्भुत और अलौकिक पल के साक्षी पूरी दुनिया में बैठे लोग भी होंगे। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के निर्देश पर सूचना विभाग द्वारा इस पूरे




महा आयोजन के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई है। नगर के कोने-कोने में होने वाले दीपोत्सव की आभा दिखाने के लिए एलईडी वाल और एलईडी वैन लगवाई जा रही है। इसके अलावा मीडिया को कवरेज के लिए सेन्टर की स्थापना करा दी गई है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार दीपोत्सव को और भी भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। शहर के मार्गों को फूलों की लड़ियों और आकर्षक लाइट से सजाया जा रहा है। दीपोत्सव के दिन राम की पैड़ी पर होने वाले सभी कार्यक्रमों को दूरदर्शन व सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर लाइव दिखाया जाएगा। नगर के सभी लोग इस भव्य आयोजन का, जो जहां रहे वहीं से आनन्द ले सकें, इसके लिए एलईडी स्क्रीन्स की व्यवस्था कराई गई है।
**20 जगह पर एलईडी वाल, 15 स्थान पर मौजूद रहेगी एलईडी वैनः** जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी ने बताया कि दीपोत्सव के आयोजन की भव्यता को अयोध्या सहित पूरी दुनिया देखे इसके लिए नगर में 20 जगहों पर एलईडी वाल और एलईडी वैन की व्यवस्था कराई जा रही है। इनमें अयोध्या कोतवाली, हनुमानगढ़ी, वाल्मीकि भवन, पोस्ट आफिस, तुलसी स्मारक भवन, कारसेवकपुरम, मीडिया सेन्टर, टेढ़ी बाजार चौराहा, रेलवे स्टेशन, विद्या कुंड, साकेत

# चौबीस घंटे में चोरी की बाइक समेत दबोचा युवक

## शिकायत पर एसओ मगोर्रा और चौकी प्रभारी सौंख ने दिखाई तत्परता

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः पुलिस** गंभीरता के साथ सक्रियता बढ़ा देती है तो नतीजा भी सकारात्मक निकलता है। इसका उदाहरण सोमवार को थाना मगोर्रा के सौंख चौकी क्षेत्र में देखने को मिला। शनिवार को चोरी हुई बाइक को पुलिस ने अपनी सक्रियता ने चौबीस घंटे में न केवल बरामद कर लिया बल्कि एक अभियुक्त को दबोचने में भी सफलता प्राप्त की। शनिवार को सौंख चौकी क्षेत्र में कुम्हेर सौंख रोड़ जाहरवीर बाबा मंदिर परिसर के पास से एक बाइक चोरी हो गई। जिसकी सूचना ओमप्रकाश निवासी सौंख ने चौकी प्रभारी सौंख को दी तथा रिपोर्ट भी दर्ज कराई। इस पर प्रभारी निरीक्षक मगोर्रा नरेंद्र तोमर तथा चौकी प्रभारी सौंख ने कस्बा से लगी राजस्थान सीमा पर चौकसी बढ़ा दी तथा थाना क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर चेकिंग भी शुरू की। रविवार को पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त नागेन्द्र उर्फ नगेन्द्र सिंह निवासी मडौरा थाना बल्देव जनपद मथुरा को लोरिहापट्टी से करीब डेढ़ किमी मगोर्रा की तरफ जाने वाली सडक से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से चोरी की बाइक स्प्लेण्डर प्लस, एक तमंचा मय कारतूस भी बरामद किए। चौबीस घंटे में बाइक चोरी की घटना का अनावरण करने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस सक्रियता की सराहना की। इस बारे में चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा मोहित तोमर, चौकी प्रभारी सौंख रविन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक प्रशिक्षु पवेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार तथा सिपाही राजेश कुमार शामिल रहे।

एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 29 अक्टूबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# दोषी अफसरों को बचाने वालों की खैर नहीं

## सीएम योगी ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में जांच में खेल करने वाले अधिकारियों को लेकर जतायी नाराजगी ,

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** योगी सरकार 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत लगातार भ्रष्टाचार पर शिकंजा कस रही है। साथ ही, कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त एक्शन ले रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के जांच अधिकाारियों को जांच के दायरे में आने वाले अधिकारी और कर्मचारी की रिपोर्ट को स्पष्ट करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में 'आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित' शब्द का उल्लेख न करने के निर्देश दिये हैं। सीएम ने जांच रिपोर्ट में 'आरोप सही' या 'निराधार पाया गया' जैसे स्पष्ट



शब्दों का प्रयोग करने के निर्देश दिए ताकि दोषी अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। सीएम ने ऐसा न करने वाले नामित जांच अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये है।

**दोषी को बचाने वाले नामित जांच अधिकारी के खिलाफ भी होगी सख्त कार्रवाई**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में सिंचाई एवं जल विभाग की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने विभागीय लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ होने वाली विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई को नामित जांच अधिकारी द्वारा संस्थित किये जाने वाली रिपोर्ट के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट में नामित अधिकारी द्वारा 'आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित' शब्द का प्रयोग किये जाने की बात बतायी। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को बताया कि जांच रिपोर्ट में स्पष्ट आरोप न होने की वजह से कार्रवाई करने में अक्सर परेशानी आती है। सीएम ने इस जांच रिपोर्ट के नामित अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में 'आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित' शब्द का प्रयोग न करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि नामित जांच अधिकारी इस शब्द का प्रयोग कर कहीं न कहीं दोषी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, विभागीय नियमावली में भी ऐसे किसी शब्द का उल्लेख नहीं है। सीएम ने कहा कि आगे से किसी भी जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में इस शब्द का प्रयोग किया तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

**निर्देश**

▸▸ सीएम ने नामित जांच अधिकारी को रिपोर्ट में 'आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित' शब्द का प्रयोग न करने के दिये निर्देश

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**केदारनाथः** उत्तराखण्ड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सोमवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदार का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की प्रगति एवं खुशहाली के साथ ही विश्व जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल



रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल से.नि. गुरमीत सिंह का जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने वीआईपी हेलीपैड पर पुष्पगुच्छ भेंट कर केदारनाथ आगमन पर स्वागत किया। ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अभिनंदन करने के बाद राज्यपाल मुख्य पुजारी से मिले, साथ ही तीर्थ पुरोहित एवं पुजारियों द्वारा उनका रुद्राक्ष एवं फूल मालाओं से स्वागत किया।

## मोहित मर्डरः जांच के बाद दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाईः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** पुलिस कस्टडी में कारोबारी मोहित पांडेय की मौत के बाद सोमवार को उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से अपना दर्द बयां किया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये, आवास, बच्चों की निःशुल्क शिक्षा व शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने पीड़ित परिवारीजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। किसी भी सूरत में दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

**सीएम ने पीड़ित परिवार को दी दस लाख रुपये की आर्थिक मदद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर सोमवार सुबह मोहित पांडेय की मां तपेश्वरी देवी, पत्नी व बच्चे पहुंचे।











